AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 1

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 228 शुक्रवार 20 जून 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

महत्वपूर्ण खबर

तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु

जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत

देहरादून,19 जून 2025(ए)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के उत्तराखण्ड दौरे पर देहरादून पहुंच चुकी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन पर गुरुवार को जौलीग्रांट एयरपोर्ट में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट,पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक,राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी,डॉ धन सिंह रावत, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन,पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह भी मौजूद रहे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देहरादून में राष्ट्रपति निकेतन में आयोजित उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसके साथ ही राष्ट्रीय दृष्टि विकलांग व्यक्ति सशक्तिकरण संस्थान में आयोजित स्पेशल बच्चों के कार्यक्रम में शामिल होंगी। यही नहीं, 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर पुलिस लाइन में आयोजित योग कार्यक्रम में योग करेंगी.राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु उत्तराखंड दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के प्रस्तावित वीवीआईपी भ्रमण और प्रवास कार्यक्रम के मद्देनजर अधिकारियों ने सुरक्षा ड्यूटी में नियुक्त पुलिस बल को ब्रीफ भी कर दिया है।

सीएमओ पर गिरी गाज

कानपुर,19 जून 2025(ए)। कानपुर में चल रहे डीएम वीएस सीएमओ विवाद में आखिरकार मुख्य चिकित्साधिकारी पर गाज गिर ही गई। शासन स्तर से सीएमओ डॉ हरिदत्त नेमी को सस्पेंड कर दिया गया है। उनकी जगह श्रावस्ती के अपर मुख्य चिकित्साधिकारी उदय नाथ को कानपुर का नया सीएमओ बनाकर भेजा गया है। डॉ हरिदत्त नेमी को कानपुर से ना हटाने की पैरवी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से लेकर भाजपा के कई विधायकों ने की थी।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे युवक को थाने के बाहर कई गोलियां मारी

गाजियाबाद,19 जून 2025(ए)। उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में पुलिस की नाक के नीचे अपराधियों ने एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी और फरार हो गए। घटना मुरादनगर थाने के बाहर बुधवार आधी रात को हुई है। मृतक की पहचान मिल्क रावली निवासी युवक रवि शर्मा (38) के रूप में हुई है।

अली की मेहमाननवाजी में डिप्टी जेलर व वार्डन सस्पेंड

प्रयागराज,19 जून 2025(ए)। उत्तर प्रदेश की जेलों में माफियाओं और उनके रिश्तेदारों की बादशाहत एक बार फिर उजागर हुई है। माफिया अतीक अहमद के बेटे अली अहमद की नैनी सेंट्रल जेल में खास खातिरदारी का मामला सामने आया है। जेल प्रशासन की एक औचक चेकिंग के दौरान अली की बैरक से न केवल आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई, बल्कि उसके पास से नकद रुपये भी मिले। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई,जिसके बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया।

अली के बैरक से बरामद हुए प्रतिबंधित सामान और नकदी

मंगलवार को डीआईजी जेल राजेश श्रीवास्तव ने अचानक नैनी जेल का निरीक्षण किया। इस दौरान अतीक अहमद के बेटे अली की बैरक की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैरक से कई आपत्तिजनक वस्तुएं और नकद 1100 रुपये बरामद हुए। जांच के दौरान अली ने वह नकदी वहां मौजूद जेल वार्डन को सौंप दी, लेकिन यह पूरा वाकया जेल के सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। जेल नियमों के अनुसार किसी भी बंदी के पास नकदी रखना पूरी तरह प्रतिबंधित है। अली ने यह पैसा जेल प्रशासन के निर्धारित टोकन सिस्टम के तहत उपयोग करने के बजाय अपने पास छिपाकर रखा था। पूछताछ में सामने आया कि अली को यह पैसा एक वकील मुलाकाती के जरिए मिला था।

मिलीभगत का खुलासा,दो अफसर सस्पेंड...

घटना की जानकारी मिलते ही डीजी जेल ने सख्त कार्रवाई करते हुए डिप्टी जेलर कांति देवी और हेड वार्डर संजय द्विवेदी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मामले की विस्तृत जांच के आदेश दिए गए हैं और डीआईजी जेल को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। नैनी सेंट्रल जेल के वरिष्ठ अधीक्षक रंग बहादुर पटेल ने मीडिया को बताया कि एक वकील मुलाकाती के रूप में अली से मिलने आया था, जिसने उसे 1100 रुपये दिए। यह रुपये टोकन के माध्यम से उपयोग किए जाने चाहिए थे, लेकिन अली ने नियमों का उल्लंघन करते हुए उन्हें अपने पास रख लिया।

24 घंटे सीसीटीवी निगरानी के बावजूद धांधली

नैनी जेल के भीतर अतीक अहमद के करीब 60 से अधिक सहयोगी और गुर्गे भी बंद हैं। अली की बैरक को अति-संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, जहां 24 घंटे सीसीटीवी की निगरानी रहती है। इसके बावजूद जेल कर्मियों की मिलीभगत से ऐसे प्रतिबंधित सामान का मिलना जेल प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

माफिया राज पर लगाम की चुनौती

इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि उत्तर प्रदेश की जेलों में माफियाओं का दबदबा अभी भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। जेल में रहकर भी ये लोग न सिर्फ कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि सिस्टम की मिलीभगत से अपनी सुविधाजनक जिंदगी भी जी रहे हैं। जेल में कैद अपराधियों को मिलने वाली विशेष सुविधा, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लापरवाही की यह कड़ी अब आम जनता और सरकार के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। माना जा रहा है कि अली अहमद के इस मामले में भी आगे कई और जेल अफसरों पर गाज गिर सकती है।

पहले भी सामने आ चुका है ऐसा मामला

यह कोई पहला मामला नहीं है जब यूपी की जेलों में माफिया परिवार के सदस्यों को वीआईपी ट्रीटमेंट मिला हो। इससे पहले चित्रकूट जेल में मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की भी विशेष खातिरदारी का मामला उजागर हुआ था। वहां अफसरों की मिलीभगत से अब्बास अंसारी अपनी पत्नी निकहत के साथ घंटों जेल के एक विशेष कमरे में मुलाकात करता था। बाद में छापेमारी में निकहत को भी रंगे हाथ पकड़ा गया और जेल भेजा गया। अब्बास को तत्पश्चात कासगंज जेल स्थानांतरित किया गया और कई जेल अफसरों पर कार्रवाई हुई।

एआई-171 विमान का ब्लैक बॉक्स भी क्षतिग्रस्त

अब कैसे पता चलेगा हादसे का कारण ?

अहमदाबाद,19 जून 2025(ए)। अहमदाबाद हादसे की भयावहता में एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर एआई-171 विमान का ब्लैक बॉक्स भी क्षतिग्रस्त हो गया है! इस बात पर संदेह है कि ब्लैक बॉक्स से कोई जानकारी मिल पाएगी या नहीं । सुनने में आ रहा है कि जानकारी प्राप्त करने के लिए ब्लैक बॉक्स को अमेरिका भेजा जा सकता है।

क्या 'ब्लैक बॉक्स' में छिपा है हादसे का कारण ?

अहमदाबाद विमान हादसे का रहस्य लंदन जाने वाले एयर इंडिया ड्रीमलाइनर एआई--171 के 'ब्लैक बॉक्स' में छिपा है। अब सारा ध्यान इस बात पर है कि आखिर हादसा कैसे हुआ? विमान का एक ब्लैक बॉक्स हादसे के एक दिन बाद बरामद हुआ था। दूसरा ब्लैक बॉक्स हादसे के तीन दिन बाद बरामद हुआ। पहला ब्लैक बॉक्स शुक्रवार को उस हॉस्टल की छत से बरामद हुआ, जहां विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था। दूसरा ब्लैक बॉक्स मलबे के नीचे से बरामद हुआ। दोनों ब्लैक बॉक्स डीजीसीए को भेजे गए।

ब्लैक बॉक्स इतना महत्वपूर्ण क्यों है ?

विमान दुर्घटनाओं की जांच में यह 'ब्लैक बॉक्स' इतना महत्वपूर्ण क्यों है? सभी विमानों में दो प्रकार के ब्लैक बॉक्स होते हैं। यह नियम है। एक है कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर । दूसरा है फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर । दुर्घटना की स्थिति में इन दो रिकॉर्डिंग से जांचकर्ताओं के सामने क्या हुआ इसकी एक तस्वीर उभर कर आती है। फ्लाइट डेटा रिकॉर्ड अक्षांश और देशांतर, विमान कहां जा रहा था और उसकी गति कितनी थी जैसी कुल 80 प्रकार की जानकारी प्रदान करता है।
शुरुआत में, विमान के अंदर की सभी घटनाओं को धातु की पट्टियों पर रिकॉर्ड किया गया था। ताकि पानी में गिरने या आग लगने पर भी जानकारी नष्ट न हो। बाद में, उन्नत तकनीक के साथ, ब्लैक बॉक्स में चुंबकीय ड्राइव और मेमोरी चिप्स लगाए गए। लेकिन इन सभी सुरक्षा उपायों के बावजूद, अहमदाबाद विमान का ब्लैक बॉक्स क्षतिग्रस्त हो गया।

बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है ब्लैक बॉक्स

लेकिन के सूत्रों के अनुसार हादसे की भयावहता में दो ब्लैक बॉक्स में से एक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। भारतीय तकनीक से उस ब्लैक बॉक्स से जानकारी प्राप्त करना संभव नहीं है। इसे संभवतः अमेरिका भेजना पड़ेगा। वाशिंगटन डीसी में राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड ब्लैक बॉक्स से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करेगा। भारतीय अधिकारी भी इसे लेकर अमेरिका जाएंगे।

शशि थरूर ने माना कांग्रेस में मतभेद

» प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा पर भी दी सफाई, कहा- मैं हमेशा देश की सेवा के लिए हमेशा तैयार

तिरुवनंतपुरम,19 जून 2025(ए)। तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने पार्टी के अंदर मतभेद की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि वे इस मुद्दे पर पार्टी के भीतर चर्चा करेंगे।

तिरुवनंतपुरम में मीडियाकर्मियों से बातचीत में थरूर ने कहा,पिछले 16 वर्षों से मैं कांग्रेस के लिए काम कर रहा हूँ। पार्टी के साथ कुछ मतभेद हैं, जिन पर मैं आंतरिक रूप से चर्चा करूँगा। अभी इस पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करना चाहता। समय आने पर इस मुद्दे को उठाऊँगा।

पीएम मोदी से चर्चा पर क्या बोले थरूर ?

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बातचीत पर थरूर ने स्पष्ट किया कि यह केवल सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल से संबंधित मुद्दों तक सीमित थी। उन्होंने कहा, जब देश के लिए कोई मुद्दा उठता है, तो देश के साथ खड़ा होना हमारी जिम्मेदारी है। मैं हमेशा देश की सेवा के लिए तैयार हूँ।

ऑपरेशन सिंदूर में थरूर की भूमिका

भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी वैश्विक मंच पर साझा करने के लिए सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजे थे, जिनमें से एक का नेतृत्व शशि थरूर ने किया। थरूर ने अमेरिका से कोलंबिया तक का दौरा किया और उनकी कूटनीतिक दलीलों के चलते कोलंबिया ने पाकिस्तान के समर्थन में दिया बयान वापस लिया, जिसे उनकी कूटनीतिक जीत माना गया।

110 भारतीय छात्रों की दिल्ली में सुरक्षित हुई वापसी

नई दिल्ली,19 जून 2025(ए)। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के बीच भारत ने अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए 'ऑपरेशन सिंधु' शुरू किया है। इस अभियान के तहत बुधवार, 18 जून को 110 भारतीय छात्रों को लेकर एक विशेष विमान आर्मेनिया के येरेवन से रवाना हुआ,जो गुरुवार, 19 जून की सुबह नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतरा। विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि तेहरान में फंसे इन छात्रों को भारतीय दूतावास के सहयोग से सुरक्षित निकाला गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, भारत सरकार ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू किया है। हम अपने नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। जानकारी के अनुसार, ईरान ने संघर्ष के चलते अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया था,जिससे हजारों भारतीय, खासकर छात्र, वहां फंस गए थे।भारत ने ईरान से अनुरोध कर सुरक्षित निकासी के लिए वैकल्पिक रास्ते उपलब्ध कराए। छात्रों को अजरबैजान,तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के रास्ते निकाला गया। इस प्रक्रिया में आर्मेनिया के ज्वार्टनोट्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष उड़ान की व्यवस्था की गई। भारतीय दूतावास ने ईरान में 24*7 कंट्रोल रूम स्थापित किया है,जो फंसे हुए नागरिकों को सहायता प्रदान कर रहा है। अनुमान है कि ईरान में 4,000 से अधिक भारतीय नागरिक हैं, जिनमें अधिकांश छात्र हैं। भारत ने ईरान और आर्मेनिया के सहयोग की सराहना की है, जिनके समर्थन से यह निकासी संभव हो पाई।

जल्द ही अंग्रेजी बोलने वालों को महसूस होगी शर्मिंदगी

गृह मंत्री अमित शाह ने क्यों कही ये बात

नई दिल्ली,19 जून 2025(ए)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भारतीय भाषाओं के महत्व पर बल देते हुए कहा कि राष्ट्रीय पहचान उसकी भाषा से होती है। उन्होंने भारत की भाषाई विरासत को पुनर्जनन देने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ वैश्विक नेतृत्व करने का आह्वान किया।

विदेशी भाषा से नहीं समझ सकते देश

शाह ने कहा,जल्द ही अंग्रेजी बोलने वालों को शर्मिंदगी महसूस होगी। दृढ़ संकल्पित लोग ही समाज में बदलाव ला सकते हैं। हमारी भाषाएं हमारी संस्कृति के रत्न हैं। इनके बिना हम सच्चे भारतीय नहीं कहला सकते। देश,संस्कृति,इतिहास और धर्म को समझने के लिए कोई विदेशी भाषा पर्याप्त नहीं है। उन्होंने जोर दिया कि भारतीय भाषाओं को अपनाना हमारी पहचान को मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री के पंच प्रण का जिक्र

शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पंच प्रण का उल्लेख किया, जिसमें विकसित भारत का लक्ष्य, गुलामी की मानसिकता से मुक्ति, विरासत पर गर्व,एकता और नागरिकों में कर्तव्य की भावना शामिल है। उन्होंने कहा, ये पांच संकल्प देशवासियों की प्रतिज्ञा बन चुके हैं। 2047 तक विकसित भारत की यात्रा में हमारी भाषाएं अहम भूमिका निभाएंगी।÷

प्रशासन में सहानुभूति की जरूरत

गृह मंत्री ने पूर्व आईएएस अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री की पुस्तक मैं बूंद स्वयं, खुद सागर हूं के विमोचन के दौरान प्रशासनिक प्रशिक्षण में सुधार की वकालत की। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रशिक्षण मॉडल ब्रिटिश काल से प्रेरित है, जिसमें सहानुभूति का अभाव है।

फरार हिस्ट्रीशीटर बना नकली औरत... पुलिस ने किया मामलें में बड़ा खुलासा

जोधपुर,19 जून 2025(ए)। राजस्थान के जोधपुर से एक बेहद हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है,जिसमें एक कुख्यात हिस्ट्रीशीटर ने पुलिस से बचने के लिए महिला का वेश धारण कर लिया। साड़ी-ब्लाउज पहनकर, हाथों-पैरों की वैक्सिंग कराकर और गले में मंगलसूत्र डालकर वह अपने ही घर में घूंघट ओढ़े बैठा था। पुलिस जब उसे पकड़ने पहुंची,तो उसने महिला बनकर इशारों में बताया कि दयाशंकर घर पर नहीं है। लेकिन पुलिस उसकी हरकतों को भांप गई और मौके पर ही उसे दबोच लिया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है,जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है



मां-बाप ने बेटी को गला दबाकर बेरहमी से मार डाला

बागपत,19 जून 2025(ए)। जिले के बड़ौत क्षेत्र के लुहारी गांव में प्रेम प्रसंग के चलते मां-बाप ने बेटी की गला दबाकर हत्या कर दी। इसके बाद उसके शव को जला दिया। मामले का खुलासा तब हुआ,जब बेटी के प्रेमी ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने शव के अवशेष बरामद किए हैं। जबकि प्रेमी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी मां-बाप को गिरफ्तार कर लिया गया है। प्रेमी ने युवती के रिश्तेदारों पर भी हत्या में शामिल होने का आरोप लगाया है। लुहारी गांव निवासी शिवानी (22) का पड़ोस के ही रहने वाले अंकित से पिछले 5 साल से प्रेम संबंध था। दोनों अलग-अलग जाति के हैं। एक-दूसरे से शादी भी करना चाहते बताया जा रहा है कि दोनों ने अपने-अपने घर में प्रेम संबंध का इजहार करते हुए शादी की इच्छा जताई थी। लेकिन शिवानी के घरवाले इसके लिए तैयार नहीं थे। नाराज घरवालों ने शिवानी पर रोक-टोक भी लगाई, लेकिन अंकित से उसका रिश्ता जारी रहा।
आरोप है कि इसी के चलते शिवानी के परिजनों ने मंगलवार देर रात उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव जला दिया। शिवानी से बात होने पर अंकित को आशंका हुई। इसके बाद उसकी मौत की जानकारी हुई. अंकित ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने शिवानी के शव के अवशेष बरामद किए. अंकित की ही तहरीर पर शिवानी के पिता संजू और मां बबीता के खिलाफ केस दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अंकित का आरोप है कि शिवानी के परिजन और रिश्तेदार लगातार दोनों के रिश्ते का विरोध कर रहे थे और इसी वजह से उसकी हत्या कर दी गई। अंकित ने आशंका जताई है कि उसकी भी जान को खतरा है। वहीं, पुलिस का कहना है की आरोपी माता पिता को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

बीसीसीआई को बॉम्बे हाईकोर्ट से बड़ा झटका

आईपीएल की पुरानी टीम कोच्चि टस्कर्स को देने होंगे 538 करोड़ रुपये

मुंबई,19 जून 2025(ए)। इंडियन प्रीमियर लीग से जुड़े एक लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवाद में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को बड़ा झटका लगा है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कोच्चि टस्कर्स केरल फ्रेंचाइजी से संबंधित मामले में बीसीसीआई की याचिका को खारिज करते हुए उसे 538 करोड़ रुपये का भुगतान करने का आदेश दिया है।

AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 2

संपादकीय

सुलभ,पारदर्शी और समावेशी न्याय सबकी जरूरत

प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई का यह कहना कि न्यायिक निर्णय लेने में प्रौद्योगिकी को मानव मस्तिष्क का स्थान नहीं लेना चाहिए अत्यंत विचारणीय तथ्य है, प्रौद्योगिकी मानव मस्तिष्क का स्थान भला कैसे ले सकती है जबकि उसकी भूमिका सहायक से अधिक नहीं हो सकती।न्यायमूर्ति गवई लंदन विविद्यालय से संबद्ध स्कूल ऑफ ओरिएंटल एंड अफ्रीकन स्टडीज (एसओएएस) में भारतीय कानूनी पण्राली में प्रौद्योगिकी की भूमिका' विषय पर आयोजित व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। उनका यह कहना बिल्कुल उचित है कि स्वचालित वाद सूचियों, डिजिटल कियोस्क' और आभासी सहायकों जैसे नवाचारों का स्वागत किया जा सकता है। पर विवेक,सहानुभूति और न्यायिक व्याख्या बेशकीमती हैं।प्रौद्योगिकी इनका स्थान कभी नहीं ले सकती। भारत के पास तकनीकी दक्षंता,दूरदर्शिता और लोकतांत्रिक जनादेश है, जिससे समानता, सम्मान और न्याय के हमारे मूल्यों को प्रतिबिंबित करने वाली पण्रालियां विकसित की जा सकती हैं। प्रधान न्यायाधीश का पद ग्रहण करते ही न्यायमूर्ति गवई ने न्यायपालिका में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और उभरती प्रौद्योगिकियों के नैतिक उपयोग पर उच्चतम न्यायालय के अनुसंधान और योजना केंद्र के साथ चर्चा की शुरुआत की थी।प्रधान न्यायाधीश की इस बात से सहमत हुए बिना नहीं रहा जा सकता कि प्रौद्योगिकी का उपयोग मानवीय विवेक का स्थान लेने के लिए न किया जाए। हालांकि कुछ मामलों में न्यायपालिका ने प्रौद्योगिकी को अपनाना शुरू किया है, लेकिन एआई के इस्तेमाल के मामले में केस प्रबंधन से लेकर कानूनी अनुसंधान, और दस्तावेज के अनुवाद तक भरपूर सावधानी जरूरी है। दुनिया भर में कानूनी पण्रालियों में एआई के नैतिक उपयोग पर गंभीर बहस चल रही है। एल्गोरिदम संबंधी पूर्वाग्रह, गलत सूचना, आंकड़ों में हेरफेर और गोपनीयता जैसे मामलों ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। पीड़ित की पहचान उजागर होने का खतरा भी बना रहता है। इस मामले में स्पष्ट प्रोटोकॉल नहीं है। दूसरे एआई उपकरणों के उचित विनियमन और निगरानी के अभाव में वे मनगढ़ंत उद्धरण या पक्षपातपूर्ण सुझाव दे सकते हैं। न्याय तक पहुंच केवल न्यायपालिका की जिम्मेदारी नहीं है। यह एक साझा राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है। सुलभ,पारदर्शी और समावेशी न्याय सबकी जरूरत है।

प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत विदेश नीति की परिपक्वता की मिसाल

अजय कुमार
लखनऊ,उत्तर प्रदेश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई हालिया टेलीफोनिक बातचीत वैश्विक कूटनीति और भारत की विदेश नीति के लिहाज़ से एक अहम मोड़ साबित हुई है। लगभग 35 मिनट तक चली इस बातचीत में न सिर्फ क्षेत्रीय सुरक्षा पर चर्चा हुई, बल्कि भारत-पाकिस्तान तनाव,ऑपरेशन सिंदूर और भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा को लेकर भी बड़े स्तर पर रणनीतिक विमर्श सामने आया। हालांकि यह मुलाकात जी-7 सम्मेलन के दौरान आमने-सामने होने वाली थी,लेकिन ट्रंप की अमेरिका वापसी के कारण दोनों नेताओं को फोन पर बात करनी पड़ी। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे दिलचस्प और चर्चित पहलू यह रहा कि ट्रंप के अमेरिका आने के प्रस्ताव को प्रधानमंत्री मोदी ने विनम्रता पूर्वक ठुकरा दिया,और इसकी वजह सिर्फ राजनयिक व्यस्तता नहीं थी, बल्कि गहरी रणनीतिक सूझबूझ और राजनीतिक परिपक्वता भी इसके पीछे काम कर रही थी।

बातचीत की शुरुआत ट्रंप के उस अनुरोध से हुई जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से आग्रह किया कि वे कनाडा से लौटते समय अमेरिका रुकते हुए जाएं और व्हाइट हाउस में उनसे मिलें। परंतु, पीएम मोदी ने यह न्योता यह कहकर अस्वीकार कर दिया कि उन्हें अपनी पहले से तय क्रोएशिया यात्रा के लिए निकलना है। यह निर्णय सिर्फ औपचारिक कारणों से नहीं था, बल्कि इसके पीछे एक बड़ा राजनीतिक संकेत छुपा हुआ था। दरअसल, उसी दिन ट्रंप के साथ पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर की लंच पर बैठक पहले से निर्धारित थी। ऐसे में पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा राजनीतिक रूप से भारत के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकती थी। एक ही दिन, एक ही जगह भारत के प्रधानमंत्री और पाकिस्तान के फौजी प्रमुख का उपस्थित होना न केवल भारत की कूटनीतिक स्थिति को कमजोर करता,बल्कि वैश्विक पटल पर गलत संदेश भी जाता।

इस बातचीत में ऑपरेशन सिंदूर विशेष चर्चा का विषय रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रंप को विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने 6-7 मई की रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। उन्होंने कहा कि यह सैन्य कार्रवाई सटीक,नपी-तुली और गैर-भड़काऊ थी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया कि भारत अब आतंकवाद को एक सीमित'प्रॉक्सी वॉर' नहीं, बल्कि एक पूर्ण युद्ध के रूप में देखता है। मोदी ने बताया कि पाकिस्तान की गोली का जवाब भारत ने गोले से दिया है, और यह नीति भविष्य में भी जारी रहेगी।

प्रधानमंत्री ने ट्रंप से यह भी कहा कि इस पूरे घटनाक्रम में कभी भी अमेरिका की ओर से कोई मध्यस्थता नहीं हुई,न ही भारत ने इसकी कोई मांग की। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि भारत ने कभी मध्यस्थता स्वीकार नहीं की है और न भविष्य में करेगा। यह बात भारत की विदेश नीति की आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान को दर्शाती है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बाद में इस बातचीत की जानकारी साझा करते हुए बताया कि सैन्य कार्रवाई को रोकने की बात भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच सीधे सैन्य चैनल के जरिए हुई थी, और वह भी पाकिस्तान के आग्रह पर। इस वार्ता के दौरान पीएम मोदी ने ट्रंप को क्वाड की अगली बैठक के लिए भारत आने का न्योता भी दिया। ट्रंप ने यह न्योता स्वीकार करते हुए कहा कि वे भारत आने को लेकर उत्सुक हैं। इसके अतिरिक्त दोनों नेताओं ने इजरायल-ईरान तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति पर भी विचार साझा किए। खासकर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में क्वाड की भूमिका को लेकर दोनों की सोच में समानता दिखी, और इस पर भविष्य में मिलकर काम करने की बात कही गई। इस बातचीत में एक और महत्वपूर्ण पहलू अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस का 9 मई की रात को पीएम मोदी को किया गया फोन रहा। वैंस ने चेतावनी दी थी कि पाकिस्तान भारत पर बड़ा हमला कर सकता है। जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट कर दिया कि अगर पाकिस्तान ऐसा करता है तो भारत उससे भी बड़ा और निर्णायक जवाब देगा। और ऐसा ही हुआ, 9-10 मई की रात भारत ने पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर जबरदस्त जवाब दिया, जिससे पाकिस्तान की सेना को भारी नुकसान पहुंचा और उसे भारत से सैन्य कार्रवाइयों को रोकने का आग्रह करना पड़ा।

इस पूरी कूटनीतिक कवायद में एक और रोचक बात सामने आई कि प्रधानमंत्री मोदी की क्रोएशिया यात्रा को प्राथमिकता देना सिर्फ एक तय कार्यक्रम का हिस्सा नहीं था, बल्कि रणनीतिक रूप से सोचा-समझा निर्णय था। अगर मोदी अमेरिका जाते और उसी दिन व्हाइट हाउस में आसिम मुनीर भी मौजूद होते, तो यह दृश्य दुनिया को भारत की कमजोरी या कूटनीतिक भ्रम का संकेत दे सकता था। भारत की यह परिपक्वता बताती है कि अब हमारी विदेश नीति किसी भी अंतरराष्ट्रीय दबाव में नहीं चलती, बल्कि देशहित को सर्वोपरि रखते हुए निर्णय लिए जाते हैं।अमेरिकी मीडिया और राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार ट्रंप ने शायद एक ओवरस्मार्ट चाल चली थी एक ओर पाकिस्तान के सेना प्रमुख को बुलाना, और दूसरी ओर मोदी को भी उसी दिन आमंत्रित करना। लेकिन भारत ने समय रहते इस चाल को समझ लिया और इससे खुद को अलग रखा। इस प्रकार की राजनीतिक सतर्कता और परिपक्वता भारत को वैश्विक मंच पर एक ठोस और भरोसेमंद ताकत के रूप में स्थापित करती है।

बातचीत के बाद ट्रंप ने भी इस बात को स्वीकार किया कि भारत की आतंकवाद विरोधी नीति न सिर्फ स्पष्ट है, बल्कि निर्णायक भी है। उन्होंने भारत की कार्रवाई का समर्थन करते हुए कहा कि अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अब वह हर आतंकी हरकत का जवाब अपनी शर्तों पर देगा और अंतरराष्ट्रीय समर्थन की प्रतीक्षा नहीं करेगा। इस पूरे घटनाक्रम ने भारत की विदेश नीति के दो प्रमुख पहलू उजागर किए एक,आतंकी घटनाओं को लेकर भारत की सख्त और स्पष्ट नीति; और दूसरा, अंतरराष्ट्रीय मंचों पर आत्मनिर्भर और निर्णायक रुख। ट्रंप के साथ यह बातचीत एक ओर भारत-अमेरिका संबंधों की गहराई को दर्शाती है, तो दूसरी ओर भारत की स्वायत्तता और कूटनीतिक सूझबूझ का प्रमाण भी देती है।

टेलीफोन पर हुई इस बातचीत से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब किसी की मध्यस्थता या सहमति का मोहताज नहीं है। राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति के मामलों में भारत पूरी तरह से अपने निर्णय खुद ले रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका में न रुकने का निर्णय एक तरह से राजनीतिक परिपक्वता, रणनीतिक सोच और राष्ट्रीय स्वाभिमान का बेहतरीन उदाहरण है। अंततः यह वार्ता केवल 35 मिनट की एक औपचारिक बातचीत नहीं थी,बल्कि यह एक संदेश था दुनिया को, पाकिस्तान को, और शायद अमेरिका को भी कि नया भारत अपने हितों के लिए हर मोर्चे पर सतर्क, संप्रभु और संकल्पित है। ऑपरेशन सिंदूर से लेकर अमेरिका में न रुकने तक, हर निर्णय में भारत की विदेश नीति की परिपक्वता और रणनीतिक सोच साफ तौर पर दिखाई देती है। यही कारण है कि अब दुनिया भारत की बात सिर्फ सुनती नहीं, उस पर गंभीरता से विचार भी करती है।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

गूगल गुरु के ज्ञान से विश्वास खोता पत्रकार और पत्रकारिता

आत्माराम यादव पीव
ग्वालटोली नर्मदापुरम
मध्यप्रदेश

जहां सबेरा है,वही बसेरा है ओर बसनेवाले कई किस्म के है। आजकल यू-ट्यूबर- व्हाट्सऐप, इस्ट्राग्राम कुटुंबएप, फ़ेसबूक आदि पर विशेष प्रकार की वाहियात अक़्लमंद ज्ञानी बेशर्मियों की कब्जेवाली मीडिया खरपतवार गाजरघाँस की तरह फ़ेल चुकी है,इससे बचने के सारे उपाय असफल है। जिसने कभी कागज कलम छुआ नहीं वही गूगल गुरु की प्रेरणा से गीतकार,साहित्यकार ओर पत्रकार बन गया है ओर खुद को किसी बड़े उस्ताद से कम नहीं आँककर बिंदास खबरे लिखते समय सामने वाले को गधा समझता है, इन नामुराद लंगड़ी-लूली,अंधी-बहरी कार्टूननुमा अवसरवादी मीडिया ने पूरे भारत को अपनी चपेट में ले लिया है, अगर आपका शहर,गाँव उसकी चपेट में नहीं आया है तो आप किस्मतवाले है? पर आपकी बात पर कोई विश्वास नहीं करेगा की आप किस्मतवाले है, क्योकि यह बीमारी कोरोना से ज्यादा घातक है, अगर आपने सोसल डिस्टेन्स कायम रखने के लिए मोबाइल ओर एलेक्ट्रानिक उपकरणों से दूरी बनायी है तो बात अटपटी होने से किसी के गले नहीं उतरेगी क्योकि हर गरीब भिखारी से लेकर अमीर आदमी मोबाइल का दीवाना है ओर आज हर घर में 2 साल की उम्र के बच्चे से लेकर मृत्युशैया पर लेटा 100 साल का बूढ़ा व्यकित भी मोबाइल की स्क्रीन में चौबीसों घंटे मुंह गढ़ाए बैठा है। इसी से यह बात प्रमाणित हो चुकी है की करोड़ों मोबाइल में दस प्रतिशत लोग अक्लमंदी के शिकार है ओर उनके दिमाग में भरा कचरा किसी सनसनीखेज समाचार,रपट या ज्ञानवर्धक लेख से कम नहीं इसलिए वह मीडिया बेशर्मी से समाज के सामने अपना कचराज्ञान बाँटकर अपनेआप को बुद्धिमान साबित करने की होड में लगा है। वे सभी जानते है की न तो उनके माता के कुलवंश मे ओर न ही उनके पिता के कुलवंश में किसी ने कभी कोई नाम किया है फिर भी वे अपने को चाणक्य व विधुर सा नीतिज्ञ समझ मेड इन पत्रकारों के लेबल उछालते हुये मस्त है।

एक समय फाउंटेन पेन पत्रकारों की शान था आज सारे पेन गुमनामी के अंधेरे में खो गए है। मीडिया में बहती गंगा में हाथ धोने की प्रतिस्पर्धा लगी है तभी इस दौड़ में हरेक अवसर पाना चाहता है। अधिकांश वे लोग जो शार्ट कट से धन कमाने के लिए कुछ भी करने को तैयार हो जाते है वे अपनी सारी कड़वाहट पचाकर मीडिया ज्वाइन आर रहा है , इसलिए यह स्वार्थपरक युग उनका युग हो गया है जो हर अवसर को भुनाना चाहता है । विशेषकर मेरा शहर व तथाकथित पत्रकारों की एक बड़ी जमात तैयार हो चुकी है और इस जमात में इनकी संख्या में दिनोंदिन इजाफा हो रहा है, जो जनता का शोषण ओर प्रशासनिक अधिकारियों पर निगरानी रख सफेदपोशों के साथ गढ़बंधन कर बड़ी परेशानी का कारण बनते जा रही है। एक ओर मुख्यधारा के रूप में माने जाने वाले ईलेक्ट्रानिक चैनल है तो दूसरी ओर प्रिंट मीडिया संस्थानों में कार्य करने वाले कठपुतली कामगार पत्रकारों की सिंगल बेनरों को कंधे पर उठाए आसानी से मैनेज हो जाने वाले पत्रकार जो एकला चलो की नीति पर अकेले सुनी सड़कों पर चलते ओर भीड़ के सामने बिजली सा कड़कते,बिस्फोट सा फूटते ओर भैंसा सा गर्राते दिखेंगे ओर सांड को देखकर मिमियाते मिलेंगे। कट केमरा एक्शन का उपयोग करने वाले टीवी चैनलों के नए एंकर दिखने में शर्माने-लजाने वाले होंगे ओर सबको निबाहने वाले होते है जबकि थोड़ा सा पुराने हुये एंकर जानीवाकर के साथ भयंकर दिखाई देते है जो विलायती नस्ल की झबरीली कुतिया को पाकर प्रसन्न उसी में रमे रहते है ओर जब वह टाँगे पसारती है तो उस समय वे फिल्मी पंचम गीतों को बेसुरा गाते-सहलाते अपनी अंगुलिया फेरते खुश होते है ओर कुतिया भी अपने को धन्य समझती निहाल हो उठती है, कुतिया पपी को मिलने वाले इस आदर सत्कार से भले एंकर की घरवाली नाराज हो पर सुबह शाम झबरीली पपी को घुमाते समय के चर्चे आफ़िसों में होते है ओर पपी की तारीफ़ों के पुल बांधते एंकर साहब घर बैठे लिफाफा ओर गिफ्ट पाते है ओर अन्य एंकर-संवाददाताओं के गिफ़्टों का ठेका लेकर उनके लिफाफे ओर गिफ्ट भी हजम कर जाते है।

आप सोच रहे होंगे की अब जीवनरस में क्या शेष या विशेष रह गया है जिसे व्यक्त किया जाये। अभी तक की बाते सही मायने में पत्रकार या मीडियाकर्मियों की थी जो आपको दिल को तर-तर करती सुपथ मार्ग की प्रतीत होती होंगी ओर उसमें बेशर्म जैसी कोई बात नही होगी, यदि हुई है तो उस बेशरम मीडिया की बात आनी चाहिए बात उनकी है जो अपने

पैरों पर कभी भी खड़े नही हो सकते, ओर न ही चल सकते है तो फिर बिना चले तरक्की कैसे करेंगे, ऊपर उठने-बड़ने के लिए नसेनी या सीढ़िया तो चढ़नी ही होगी? कितनी भी तिकड़म लगाओं? कितनी भी कोशिश करो? कितनी भी चतुराई दिखाओं? बिना टांग उठाए ये सारी चतुराई व्यर्थ ही है ? टांग नही उठा सकते हो तो हाथ ही उठा ले,हाथ में मुसलचंद मोबाइल को पकड़ ले, मोबाइल उठाते ही मूर्ख से भी मूर्ख मतिमंद भी चार्ज हो उठता है ओर वे ज्ञानचंद बुद्धिप्रकाश बन जाते है। इस प्रकार तमाम मूर्खचंद मीडियाकर्मी विध्यासागर हो जाते है ओर ये सभी गूगलगुरु की कृपा का प्रसाद पाकर खुदकों पत्रकार सम्पूर्णानन्द मान व्हाट्सअप, फ़ेसबूक,यू-ट्यूबर पर अपनी खबरों-सूचनाओं का महाजाल बुनकर एक बात के छह छह अर्थ बताकर उलझी बातों को सुलझाने ओर सुलझी बालों को उलझाकर अपनी मूर्खता के पट खोलते है ओर समझते है की पाठकों के दिमाग उनकी कलम के इस मूर्खज्ञान ने गिरवी रख लिए है। इन तथाकथित पत्रकारों के इस गूगलगुरु स्वरूपा भानुमती के पिटारा ज्ञान के खोफ से घबराय लोग तत्काल उनके खिलाफ आई सूचनाओं- खबरों के प्रकाशन ओर प्रसारण न किए जाने हेतु संधि कर सुख पाते है। ये सारे लोग अपने को हद दर्जे का ईमानदार बतलाकार संस्पेंश पैदा करते है इनमें सबसे बड़ा भ्रष्ट खाऊ होता है वह कमीशन तय कर मैनेज करने का काम करता है। वह इनके कम बोलने पर इन्हे बेईमानी के तराजू में तोलते समय बोली ज्यादा लगाकर इन्हे कृतकृत कर देता है ओर अपना नंबर आने पर ये ही दो कोडी के लंगू भंगु अपने को कम तोलते है,कम नापते है,कुल मिलाकर ये अपने को ईमानदार बिकाऊ न होना बताकर बाजार में खुलेआम नीलाम कर एक इंसान होने का दर्जा छोड़ मात्र एक बिकाऊ सामग्री में शामिल हो जाते है।

प्रश्न पैदा होता है की मीडिया में प्रिंट-चेनल कमजोर क्यों हुआ ओर गूगल गुरु का कचरा ज्ञान के भस्मासुर यू-ट्यूब आदि सभी प्रकार के सोसल मिडिया की पत्रकारिता से भस्मीभूत कब होंगे?सभी जानते है आपका हो या मेरा शहर सभी को स्मार्ट शहर बनने का भूत सवार है जिसके हर गली चौराहे पर अत्याधुनिक पावरफुल केमरे लगा दिये गए है ताकि हर प्रमुख सड़क व चौराहे पर लगे कैमरों की मदद से आम आदमी की बाइक एवं कार आदि के सम्बन्ध में यातायात नियमों का उल्लंघन करने के बाबत चालान होने के मामले प्रकाश में आने पर दंडित किया जा सके। इन केमरों से छोटे वाहन आटो/ लोडर/ ओवरलोड वाहनों आदि की निगरानी कर जुर्माना कर राजस्व प्राप्त किया जा सके किन्तु प्रशासन इन बातों में कालनेमी साधु बनकर मीडिया का गुरु बनना चाहता है पर मीडिया इनका बॉस बन सार्वजनिक स्थानों के प्रमुख व्यावसायिक संस्थानों के केमरे की नजर से नजराना वसूल कर रेतमाफिया, शराब माफिया, अवैध खनन माफिया ओर पशु तस्करों के रात्रिकालीन प्रयुक्त किये जाने वाले वाहनों, टैक्टरों-डम्परों जेसीबी आदि की क्लिपिंग की सूचना या ब्रेकिंग की जल्द ही पर्दाफास की पट्टी चलाकर आगाह कर व्हाट्सअप ग्रूप, फेसबूक, यू-ट्यूबर पर खलबली मचा देते है ओर सौदेवाजी होने पर गायब हो जाते है तथा जिन तथाकथित पत्रकारों के कैमरे में कटु खबर है वे वसूलीबाज पत्रकार की संज्ञा पा चुके यू-ट्यूबर पर अपनी मंशा पूरी न होने पर देखते ही देखते घने काले बादलों के तरह छा जाएंगे ओर ये घने काले बादलों को सोसल मीडिया पर बरसात करना है, या बादलों को उड़ाकर ले जाना है यह सब दृश्य से डराने वालो के एक टीम सोची समझी योजना के तहत काम करती है ओर जैसे ही वसूली का मकसद पूरा हुआ सोशल/डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इन माफिया को बचा लेती है ओर जो माफिया इन्हे घास नही डालता उनकी खबरे सनसनी - खेज खबर बन हजारों ही नहीं करोड़ों लोगों तक पहुंच जाती हैं ताकि प्रशासन कार्यवाही करने को विवश हो जाये।

शहर के सभी थाना क्षेत्रों में अवैध कारोबार ओर अनैतिक गतिविधियां चलती है जिससे सट्टा-जुआ, समय से पहले और शराब ठेकों पर होने की बिक्री या उनके अवैध कच्ची-पक्की शराबों के चलित केंटीन के नजारे, घर घर शराब पहुँच सेवा का ही नमूना है। चाली अवैध कैंटीनों के नजारे, वाले ट्रक, आदि की के नजारे वाहनों से के नजारे कैद कर सच्चाई को सकता है अधिकतर, यू-ट्यूब व तथाकथित पत्रकारों के कैमरे ही कैट कर बाट है। लेकिन, संज्ञा पा तथाकथित ना पूरी टे खाते सोशल/पर प्रसारित सकते हैं। स्थानीय लेने वालों बन जाते हैं। व नर्सिंग अवैध अनेक जाने वाला सम्बन्धित से छुपा नहीं चार में देखते हुये में रहते हैं व तथाकथित वो नजारे नहीं करोड़ों बन जाते होटलों में किये गये बाद में वाली शराब पास चलने पाते हैं। इसके सौदेबाजी नी शुरू होती वसूलीबाजों की चुके यू-ट्यूबर व पत्रकारों की मंशा होने पर, देखते ही ये नजारे डिजिटल प्लेटफॉर्म होते देखे जा जिसके चलते स्तर पर नजराना के लिये सिरदर्द अवैध हॉस्पिटल होम्स अदैव निर्माणों, स्कूलों, अतिक्रमण, विकास कार्यों में किया भ्रष्टाचार, इनसे समस्त अधिकारियों है। न्योछावर के सब कुछ जानते व धृतराष्ट्र की भूमिका जबकि यू-ट्यूब पत्रकार उपरोक्त विषयक खबरों की खोज में कार्यरत रहते हैं। परिणाम यह होता है कि भ्रष्टाचार की पुष्टि करने वाले नजारे उनके कैमरों की जद में आ ही जाते हैं। विचारणीय पहलू यह है कि जिनको वेतन मिल रहा है वो भी अलग से कुछ पाने की चाहत हमेशा रखते हैं फिर तो बिना वेतन के अपना समय खर्च करने वाले यू-ट्यूब से तथाकथित पत्रकारों के मन में कुछ मिलने की चाहत पनपना स्वाभाविक है! किन्तु देखने को यह मिल रहा है कि उनकी मंशा पूरी न होने पर यो तंत्र की पोल खोलने में जुट जाते हैं। परिणाम यह होता है। कि, न्योछावर खोरी करने वालों की परेशानी बढ़ जाती है। ऐसे अनेक विचारणीय बिन्दु है जिन पर बहुत कुछ लिखा जा सकता है। फिर भी अब ज्यादा कुछ न लिखते हुए अपनी कलम को आराम दे रहा हूं।

कविता
प्यारी परी सुप्रीति ...

घटती-घटना

अंशवी चौरसिया
गांगरानी,कुशीनगर
उत्तरप्रदेश

गुरुजी के आंगन में छिटकी है रोशनी।
नाम है सुप्रीति मानो कविता बनी।।
ज्ञानदाता के आँगन में खिली है जो कली।
उसके खिलने से जिन्दगी हुई है मखमली।।
मन्द-मन्द मुस्कान संग मीठी-मीठी बातें।
झिलमिल सितारों वाली खिलखिलाती रातें।।
उसके क़दमों की छुअन में है खुशियों की बहार।
झलके चांद से चेहरे पर समझदारी का संसार।।
शब्दों के जादूगर की गोद में जब दिखती है।
खिलखिलाकर खुद एक नई कहानी लिखती है।।
वह गुरु जी का गर्व है और माँ की है दुआ।
उसकी हरकत से जीवन में बरकत हुआ।।
प्यारी परी सुप्रीति! तुम हँसती रहो सदा।
मधुर-मधुर मुस्कान पर है कौन नहीं फ़िदा।।
तुम बड़ी होकर जहां में जहां कहीं भी जाना।
माता-पिता का नाम रोशन करके दिखाना।।

कविता
सिकलसेल रोग ...

घटती-घटना

संजय एम. तराणेकर
इंदौर
मध्यप्रदेश

सिकल सेल रोग बरबस... !
यहीं है एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस,
वैश्विक जनता को सिकल सेल रोग बरबस।
पहला 19 जून 2009 को आयोजित हुआ!
अभियान से जुड़े सारे संगठन आते हैं साथ,
डॉक्टर से लक्षणों के बारे में पता चलें बात।
यह होता है एक जेनेटिक ब्लड डिसऑर्डर,
लाल रक्त कोशिकाओं को कर देता सरेंडर।
यहीं है एक अंतरराष्ट्रीय जागरूकता दिवस,
वैश्विक जनता को सिकल सेल रोग बरबस।
ऐसे शरीर में आरबीसी की हो जाती है कमी,
शरीर के अंगों में ऑक्सीजन न पहुंच पाती।
समाज में फैली धारणा एवं भेदभाव मिटाना,
ऑटिस्टिक व्यक्ति भी कुशल व सृजनात्मक
होने के साथ समाज के लिए मूल्यवान ही हैं।

अंतरिक्ष में भारत की खगोलीय यात्रा के 11 वर्ष हुए पूरे

केरल के थुंबा में मछली पकडने वाले शांत गाँव के चर्चयार्ड से साउंडिंग रॉकेट के प्रक्षेपण के साथ शुरू हुई भारत की अंतरिक्ष यात्रा के बारे में शायद ही किसी ने कल्पना की होगी कि एक दिन देश कितनी ऊँचाईयों को छूएगा। यह समय दृढ़ संकल्प का था, जब सितारों तक पहुँचने का सपना सीमित साधनों, लेकिन असीम महत्वाकांक्षा के साथ परवान चढ़ा।आज, वह सपना विकसित होकर एक राष्ट्रीय मिशन का रूप अख्तियार कर चुका है, और जब हम नरेन्द्र मोदी सरकार के ग्यारह वर्षों को चिन्हित कर रहे हैं,तो भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में आमूल-चूल बदलाव आ चुका है ङ्क यह साहसपूर्ण,समावेशी और आम नागरिकों के जीवन से गहराई से संबद्ध है।यह परिवर्तन केवल रॉकेट और उपग्रहों से ही संबंधित नहीं है, अपितु यह लोगों के बारे में है। यह दर्शाता है कि दूरदराज के गाँव के किसान से लेकर डिजिटल कक्षा के छात्र तक, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी किस प्रकार रोजमर्रा की जिंदगी की लय में खामोशी से शामिल हो चुकी है । प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और अंतरिक्ष विभाग के रणनीतिक नेतृत्व में, भारत ने विकास, सशक्तिकरण और अवसर के उपकरण के रूप में अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम की नए सिरे से परिकल्पना की है।साल 2014 से शुरू किए गए सुधारों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। 2020 में इन-स्पेस की स्थापना ने निजी कंपनियों को अंतरिक्ष गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया, जिससे नवाचार की लहर उठी। आज, 300 से अधिक अंतरिक्ष-प्रौद्योगिकी स्टार्टअप उपग्रह बना रहे हैं, प्रक्षेपण वाहन डिजाइन कर रहे हैं तथा कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और नेविगेशन के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले अनुप्रयोग विकसित कर रहे हैं। ये स्टार्टअप केवल प्रौद्योगिकी ही सृजित नहीं कर रहे हैं-वे खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों में युवा इंजीनियरों और उद्यमियों के लिए रोजगार के अवसरों का भी सृजन कर रहे हैं। उदारीकृत अंतरिक्ष नीति ने अंतरिक्ष सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बना दिया है,जिससे उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ जमीनी स्तर पर पहुंच रहा है।भारत के उपग्रह अब मौसम पूर्वानुमान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनकी बदौलत किसानों को अपनी बुवाई और कटाई के चक्रों की योजना अधिक सटीकता से बनाने में मदद मिलती है। बाढ़-ग्रस्त क्षेत्रों में, उपग्रह डेटा प्रारंभिक चेतावनी और आपदा प्रतिक्रिया को सक्षम बनाता है, जिससे जीवन और आजीविका की रक्षा होती है। चक्रवातों और सूखे के दौरान रिमोट सेंसिंग के कारण अधिकारियों को तैयार रहने और नुकसान को कम करने में मदद मिलती है।

-डॉ. जितेन्द्र सिंह-

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

C M Y K

AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 3

अम्बिकापुर के पत्रकारों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया प्रदर्शन

अस्पतालों में मीडिया के प्रवेश और रिपोर्टिंग पर रोक लगाने वाले आदेश के खिलाफ प्रदेशभर में पत्रकारों का विरोध तेज...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा मेडिकल कॉलेजों और उनसे जुड़े अस्पतालों में मीडिया के प्रवेश और रिपोर्टिंग पर रोक लगाने वाले आदेश के खिलाफ प्रदेशभर में पत्रकारों का विरोध तेज़ हो गया है। इसी क्रम में गुरुवार को अंबिकापुर में पत्रकारों ने राजमाता देवेंद्र कुमारी सिंहदेव चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन कर सरकार के आदेश की प्रतियां जलाईं और डीन को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पुलिस व्यवस्था चाक चौबंद की गई थी।

» विरोध प्रदर्शन का आयोजन सरगुजा प्रेस क्लब के नेतृत्व में किया गया...
» पत्रकारों ने इस आदेश को 'लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला' और 'पत्रकारिता पर पहरा' बताते हुए इसे तुरंत रद्द करने की मांग...

इस विरोध प्रदर्शन का आयोजन सरगुजा प्रेस क्लब के नेतृत्व में किया गया, प्रदर्शनकारी पत्रकारों ने इस आदेश को लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला और पत्रकारिता पर पहरा बताते हुए इसे तुरंत रद्द करने की मांग की।

दरअसल,छत्तीसगढ़ के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने हाल ही में एक विवादास्पद आदेश जारी किया था, जिसमें प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों और संबंधित अस्पतालों में मीडिया कर्मियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया था। आदेश के अनुसार,किसी भी समाचार को कवर करने से पहले पत्रकारों को अस्पताल प्रबंधन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य बताया गया था।

इस आदेश के खिलाफ प्रदेशभर में विरोध शुरू हो गया,जिस पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने 18 जून को बयान जारी कर आदेश को रद्द करने की बात कही थी। हालांकि अब तक इस संबंध में कोई आधिकारिक लिखित आदेश जारी नहीं किया गया है, जिससे पत्रकारों में असंतोष बना हुआ है।

प्रदर्शन के दौरान पत्रकारों ने कहा कि अस्पतालों में मीडिया की स्वतंत्र आवाज़ को दबाने की यह कोशिश जनता की जानकारी के अधिकार का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द ही आदेश को औपचारिक रूप से रद्द नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर मीडिया की स्वतंत्रता और सरकारी पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीछे तीन दिनों से हो रही जगतार बारिश, सरगुजा,बलरामपुर व सूरजपुर में येलो अलर्ट

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 19 जून 2025 (घटती-घटना)।

पिछले तीन दिनों से झमाझम बारिश हो रही है। बलरामपुर, सूरजपुर, व सरगुजा में मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर रखा है।

मौसम विभाग के अनुसार इन क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को 21.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। वही लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट दर्ज की जा रही है। गिरकर अधिकतम तापमान 26 व न्यूनतम 22 डिग्री पहुंच गया है।

मानसून इस बार समय से पहुंचा है। मानसून सक्रिय होने के साथ बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले तीन दिनों के अंदर अंबिकापुर में लगभग 70 मिलीमीटर से अधिक वर्षा दर्ज की गई है। जो कि धान की फसल के लिए काफी फायदेमंद है। धीमी वह मूसलाधार बारिश होने से खेतों में पानी जमा होने लगा है। किसान अब हाल लेकर खेतों में मशक्कत करनी शुरू कर दी है। वही मौसम विभाग ने सरगुजा,बलरामपुर व सूरजपुर में येलो अलर्ट जारी कर रखा है। इन क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग का मानना है कि इन क्षेत्रों में भारी बारिश के साथ-साथ वज्रपात की संभावना बनी हुई है।

6 दिन में कोरोना के मिले 5 मरीज, हड़कंप

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा में कोरोना का खतरा बढ़ता जा रहा है। 6 दिन के अंदर कोरोना के पांच पॉजिटिव मरीज पाए गए हैं। इससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप है। पॉजिटिव में तीन स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी हैं,जबकि दो अन्य मरीज शामिल हैं। सभी का ट्रैवलिंग हिस्ट्री बिलासपुर व रायपुर है।

सरगुजा में कोरोना के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अंबिकापुर में पहला केस 12 जून को स्वास्थ्य कर्मचारी पॉजिटिव पाया गया था। इसके बाद 13 जून को मेडिकल कॉलेज का एक कर्मचारी भी पॉजिटिव पाया गया है। वहीं अब तक कल स्वास्थ्य विभाग के 3 कर्मचारी सहित कुल 5 कोरोना के पॉजिटिव पाए गए हैं। जिला नोएडा अधिकारी डॉक्टर शैलेन्द्र गुप्ता ने बताया कि यह सभी मरीजों की स्थिति गंभीर नहीं है। लक्षण सामान्य होने के कारण सभी होम आइसोलेशन में हैं डॉ शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयारी की गई है। अगर गंभीर मरीज पाए जाते हैं तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कॉविड वार्ड में भर्ती कराया जाएगा। वहीं प्रतिदिन 10 से 12 कॉविड के लक्षण पाए जाने पर मरीजों की जांच आरटीपीसीआर से कराई जा रही है। 1 जून से अब तक लगभग 200 कोविड की जांच की जा चुकी है।

महारानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि मरीजों को फल व अन्य खाद्य सामग्री का वितरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

महारानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि के अवसर पर तेजस्विनी क्षत्रिय महिला समिति ने उन्हें याद किया। सबसे पहले अहमदाबाद हवाई जहाज दुर्घटना में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा का आयोजन किया गया। तत्पश्चात महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान को सभी ने याद किया। अस्पताल जाकर मरीजों को फल व अन्य खाद्य सामग्री का वितरण किया गया।समिति की अध्यक्ष लतिका सिंह ने इस आयोजन के संदर्भ में बताया कि महारानी लक्ष्मीबाई देश की वह नेत्री हैं जिनका नाम सुनकर हर किसी को वीरता का आभास होता है। अंग्रेजों से लड़ाई लड़कर उन्होंने देश की आजादी की नींव रखी थी। उनकी वीरता और साहस सभी महिलाओं को साहस प्रदान करता है।उन्होंने इस आयोजन में सभी महिलाओं के शामिल होने और महारानी लक्ष्मीबाई को याद करने की प्रति आभार जताया। आयोजन के दौरान सभी सदस्यों ने एक बार फिर शहर में महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा नए बस स्टैंड के चौराहे पर स्थापित करने की मांग नगर निगम प्रशासन से की है। आयोजन के दौरान आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय की गई है। कार्यक्रम के दौरान समिति की अर्चना सिंह,नीरजा सिंह,सरिता सिंह, आशा सिंह,उर्मिला सिंह, इंदू सिंह,शशि संजय सिंह,प्रतिभा सिंह,मंशा सिंह,सुप्रिया सिंह,शांता सिंह, लक्ष्मी सिंह, दिव्या सिंह,भगवती सिंह, पूजा सिंह,किरण सिंह,संध्या सिंह,विनीता सिंह, शशि रमेश सिंह, सुनीता सिंह सहित काफी संख्या में तेजस्विनी से जुड़ी महिलाएं उपस्थित रहीं।

फर्जी कंपनी के झांसे में आकर युवक हुआ 1.18 लाख ठगी का शिकार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

गांधीनगर थाना क्षेत्र के मुक्तिपारा निवासी एक युवक अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर 1 लाख 18 हजार रुपये की ठगी का शिकार हो गया। राजा विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया है कि ऑनलाइन माध्यम से वह क्राइन एक्स नामक कंपनी के झांसे में आकर वह 2 अक्टूबर 2024 को एक बैंक के खाता में 7 हजार रुपये भुगतान किया था। फ्रॉड कंपनी द्वारा भुगतान की गई राशि का डबल भुगतान करने कहा गया और लगभग 12-13 किस्तों में 1 लाख 18 हजार रुपये प्राप्त कर लिया। इसके बाद उक्त कंपनी का कोई अता-पता नहीं है। रिपोर्ट पर पुलिस केस दर्ज करके जांच कर रही है।

बिना शादी के वर मंडप से उठाकर वापस ले गए परिजन, वधू ने दर्ज कराई रिपोर्ट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

दहेज के लिए मंडप से बिना विवाह किए वर को ले जाने के मामले में कोतवाली पुलिस ने 7 लोगों के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज किया है।

युवती ने पुलिस को बताया है कि उसका विवाह चिरमिरी हल्दीबाड़ी निवासी लाल साय के पुत्र राम प्रसाद उर्फ रवि के साथ तय हुआ था। 8 मई को हल्दीबाड़ी से बारात नमनाकला अंबिकापुर स्थित उनके निवास खटिक मोहल्ला में आई थी। जयमाला की रश्म हो चुकी थी। शादी की अन्य रश्म शुरू होने वाली थी, इसी बीच दुल्हा राम प्रसाद उर्फ रवि की पांचों बहनें और जीजा विनोद उसके पिता के पास आकर बोले कि दुल्हा कॉलरी में काम करने वाला इकलौता लड़का है। शादी करना है तो 2 लाख रुपये नगद,सोने की चेन,सोने की अंगूठी और चार पहिया वाहन देना होगा,तभी विवाह कार्यक्रम आगे बढ़ेगा, नहीं तो वे दुल्हा को बिना विवाह कराए वापस ले जाएंगे। युवती के माता-पिता ने उनकी मांग पूरा करने में असमर्थता जताई तो वे दुल्हा को बिना विवाह के मंडप से लेकर वापस जाने लगे।

इन पर केस दर्ज

दुल्हा व परिजन से काफी विनती करने के बाद भी वे नहीं माने और बिना शादी के वर को लेकर वापस चले गए। वहीं दुल्हन व पूरा परिवार सदमे में आ गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने वर राम प्रसाद उर्फ रवि, विनोद व वर की पांचों बहनों के विरूद्ध केस दर्ज कर लिया है।

साइबर ठगी के मामलों में प्रयुक्त म्यूल एकाउंट खाता धारक सहित 2 आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

साइबर ठगी के मामलों में प्रयुक्त म्यूल एकाउंट खाता धारकों के 2 आरोपी को गांधीनगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केन्द्र द्वारा संचालित समन्वय पोर्टल से प्राप्त सूची के अनुसार म्यूल अकाउंट खाता धारकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई किए जाने के सम्बन्ध मे पुलिस मुख्यालय रायपुर से निर्देश दिए गए हैं।

इसी क्रम मे म्यूल एकाउंट खाता धारक विनोद प्रधान का खाता ऑनलाईन फ्रॉड में उपयोग होना पाया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर थाना गांधीनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी।

विवेचना के दौरान पुलिस ने उक्त खाते का बैंक स्टेटमेण्ट निकला, जिसमें 6 शिकायतों में देश के अलग-अलग राज्य से संबंधित ऑनलाईन साइबर ठगी की राशि कुल 2 लाख 6 हजार 962 रुपए प्राप्त किया जाना पाया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद प्रधान पिता सुभाष प्रधान उम्र 26 वर्ष निवासी कोलतापारा नवानगर थाना दरिमा को गिरफ्तार किया।

घटना के सम्बन्ध में पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपी विनोद प्रधान पूछताछ किये जाने पर वह बताया कि जान पहचान के युवक राहुल सिंह निवासी बाबूपारा अम्बिकापुर द्वारा ऑनलाईन गेम के लिए रकम लेनदेन करने हेतु आरोपी को खाता खुलवाने के बदले में रकम हिस्सा देने के लिए बोला था, जिसके बाद आरोपी विनोद प्रधान का आईडी बीआई बैंक अम्बिकापुर में खाता खुलवाया गया जिसके बाद मे खाता का पासबुक एवं एटीएम को राहुल सिंह द्वारा अपने पास रखना बताया और राहुल से खाता खुलवाने के बाद 8-10 हजार रुपए प्राप्त करना एवं उसे खर्च होना बताया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

घर के सामने खड़ी ट्रेक्टर चोरी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम सिलमा माझापारा निवासी रामजीवन पैकरा पिता स्व. दरोगा पैकरा 37 वर्ष ने ट्रेक्टर चोरी होने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। ट्रेक्टर स्वामी ने पुलिस को बताया है कि वह महेंद्रा ट्रेक्टर शो रूम अंबिकापुर से 23.06.2017 को ट्रेक्टर खरीदा था, जिसका अंतिम किस्त वह वर्ष 2025 में पूरा पटा दिया है। 17 जून को ट्रेक्टर इंजन में हल लगाकर नए घर के पास सड़क के किनारे खड़ा किया था। अगले दिन सुबह उठा तो ट्रेक्टर इंजन से हल को निकालने के बाद अज्ञात चोर ले गया था। रिपोर्ट पर मामला दर्ज करके पुलिस चोरी गए ट्रेक्टर क्रमांक सीजी 15 डीएफ 3410 के तलाश में लगी है।

चचेरे भाई के सिर से खून निकलता देख हार्ट के बीमारी से पीड़ित युवक की हो गई मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

चचेरे भाई के शरीर से खून निकलता देख हार्ट का मरीज युवक की स्थिति बिगड़ गई। परिजन उसे तत्काल इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गए जहां चिकित्सकों ने उसे अमृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार संजय सोनी उम्र 45 वर्ष कोतवाली थाना क्षेत्र के शिकारी रोड का रहने वाला था। वह हार्ट का मरीज था। तीन साल से उसका इलाज चल रहा था। फिलहाल उसकी स्थिति ठीक थी। बुधवार को पड़ोस में रहने वाला व्यक्ति भोला यादव संजय की बेटी से छेड़ छाड़ कर रहा था। संजय ने इसकी जानकारी अपने चचेरे भाई विकास सोनी को दी। विकास सोनी शाम को आकर भोला गुप्ता को समझा रहा था। इस दौरान दोनों के बीच विवाद हो गया। गुस्से

में आकर भोला ने विकास के ऊपर रॉड से सिर पर मार दिया। इससे उसके सिर से खून निकलने लगा। इधर विकास की भाभी उसे घर के अंदर ले गया। वही हार्ट के बीमारी से पीड़ित संजय सोनी अपने चचेरे भाई के शरीर से खून निकलता देखा तो उसकी स्थिति बिगड़ गई।

चचेरे भाई के शरीर से खून निकलता देख संजय सोनी की स्थिति बिगड़ गई और वह कांपते हुए चक्कर खाकर गिर गया। परिजन उससे तत्काली इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रह गए। यहां डॉक्टर ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 4

टीएस सिंहदेव के आरोप भ्रामक और तथ्यहीन,भाजपा सरकार किसानों की समृद्धि के लिए कृतसंकल्पित - भारत सिंह सिसोदिया'

कांग्रेस की बयानबाजी राजनीतिक कुंठा का परिणाम...सरगुजा में कृषि और विकास में ऐतिहासिक प्रगतिःभारत सिंह सिसोदिया

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के भ्रामक और आधारहीन आरोपों का जवाब देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि श्री सिंहदेव की नकारात्मक और तथ्यहीन बयानबाजी केवल राजनीतिक कुंठा का परिणाम है। केंद्र और छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने किसानों की समृद्धि और प्रदेश के विकास के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं।

अपने प्रतिक्रिया पर श्री सिसोदिया ने बताया, कि वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के लिए 5,000 करोड़ रुपये की कृषि सहायता प्रदान की, जिसमें से 1,200 करोड़ रुपये सरगुजा संभाग के लिए आवंटित किए गए हैं। पीएम-किसान योजना के तहत सरगुजा के 2.5 लाख किसानों को प्रतिवर्ष 6,000 रुपये की आर्थिक सहायता सीधे उनके खातों में दी जा रही है। नैनो-डीएपी और नैनो-यूरिया जैसी नवाचार योजनाओं ने खाद की लागत 30त्न तक कम की है, जिससे पर्यावरण-अनुकूल खेती को बढ़ावा मिला है।

छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने खरीफ 2024-25 में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीद 3,100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से सुनिश्चित की, जिससे लाखों किसानों को लाभ हुआ।

'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत सरगुजा में 29 मई से 12 जून 2025 तक 500 गांवों में किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए, जिसमें 20,000 किसानों ने हिस्सा लिया।

आगे उन्होंने कहा कि,टीएस सिंहदेव ने सरगुजा में डीएपी और यूरिया की कमी का आरोप लगाया,जो पूरी तरह भ्रामक है।खरीफ 2025 के लिए छत्तीसगढ़ में डीएपी का कुल आवंटन 1.5 लाख मीट्रिक टन है, जिसमें से सरगुजा के लिए 24,000 टन का लक्ष्य है। 17 जून 2025 तक, सरगुजा में 3,946.24 टन डीएपी (16.44त्न) और 10,804 टन यूरिया (48त्न) उपलब्ध कराया गया है।

जून 2025 के अंत तक, अतिरिक्त 10,000 टन डीएपी और 12,000 टन यूरिया की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, जिससे 80त्न से अधिक लक्ष्य पूरा होगा।सरगुजा में 5,000 टन नैनो-डीएपी का वितरण शुरू हो चुका है, जो पारंपरिक उर्वरकों का प्रभावी विकल्प है।

अब तक 1.25 लाख मीट्रिक टन यूरिया, 40,000 मीट्रिक टन डीएपी, 15,000 मीट्रिक टन पोटाश, और 75,000 क्विंटल बीज सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों तक पहुंच चुके हैं।खाद वितरण की प्रक्रिया को डिजिटल पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी बनाया गया है, और 90त्न किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध हुआ है।सरगुजा की 12 समितियों में से 8 में इफको और 6 में डीएपी का स्टॉक उपलब्ध है, और शेष में जून के अंत तक आपूर्ति पूरी हो जाएगी। कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जा रही है, जो कांग्रेस शासनकाल में अपने चरम पर थी।

सिंचित भूमि को असिंचित घोषित करने का दावा भ्रामक है। सिंहदेव का दावा कि 40,000 हेक्टेयर सिंचित भूमि को असिंचित घोषित किया गया,तथ्यों से

परे है। आगे उन्होंने कहा कि सरगुजा में श्याम घुनघुट्टा,कुंवरपुर, और बरनई परियोजनाओं से 13,200 हेक्टेयर, अन्य एनीकटों से 2,500 हेक्टेयर, और स्टॉप डैम से 8,300 हेक्टेयर भूमि सिंचित है। सम्बंधित बैंक के पोर्टल में तकनीकी त्रुटि के कारण कुछ क्षेत्र असिंचित दर्शाए गए, जिसे 30 जून 2025 तक सुधार लिया जाएगा।फसल बीमा योजना के तहत सरगुजा के 95% किसानों को प्रीमियम का लाभ मिला, और 25,000 किसानों को 60 करोड़ रुपये का मुआवजा वितरित किया गया।धान खरीदी में सिंचित-असिंचित का अंतर केवल तकनीकी वर्गीकरण के लिए है, और इसका किसानों की आय पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में रूस और युक्रेन के भीषण युद्धकाल में जहाँ पुरे विश्व में उर्वरक संकट है वहां भारत सरकार द्वारा किसानो के लिए सभी प्रकार के उर्वरकों की व्यवस्था एवं उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाये हैं।

फसल बीमा योजना पर उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में 1,234 करोड़ रुपये से अधिक का मुआवजा DBT के माध्यम से वितरित किया द्य सिंहदेव का दावा कि केसीसी ऋण वितरण केवल 30% हुआ,आंशिक और भ्रामक है।2024-25 में छत्तीसगढ़ में 15 लाख किसानों को 12,000 करोड़ रुपये का केसीसीसी ऋण वितरित हुआ, जिसमें सरगुजा के 1.8 लाख किसानों को 1,500 करोड़ रुपये मिले।सरगुजा में 80% से अधिक पात्र किसानों को केसीसी का लाभ मिला, और 50,000 नए केसीसी कार्ड जारी किए गए। 2024-25 में केसीसी ऋण वितरण में पिछले वर्ष की तुलना में 25% की वृद्धि हुई।डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से केसीसी आवेदन और वितरण प्रक्रिया को सरल किया गया है।'विकसित कृषि संकल्प अभियान' के तहत अन्य बैंकों से ऋण लेने वाले किसानों को भी खाद-बीज की उपलब्धता सुनिश्चित की गई ।

श्री सिंहदेव के छोटे किसानों को चेंम्प योजना का लाभ नहीं मिला, कहना तथ्यहीन है।

2024-25 में सरगुजा में 10,000 छोटे और सीमांत किसानों को माइक्रो न्यूट्रीएंट्स, स्प्रेयर,और बीज निःशुल्क वितरित किए गए।छोटे किसानों के लिए 50 करोड़ रुपये और बड़े किसानों के लिए 30 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो छोटे किसानों पर सरकार के फोकस को दर्शाता है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत 5,000 किसानों को 50% अनुदान पर उन्नत बीज और उपकरण दिए गए। सरगुजा में 2,000 हेक्टेयर भूमि को जैविक खेती के लिए चिह्नित किया गया, जिसमें छोटे किसानों को प्राथमिकता दी गई। 1,000 कृषि मेलों में छोटे किसानों को सस्ते दामों पर उन्नत बीज और यंत्र उपलब्ध कराए गए। भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि जहाँ तक श्रीमती रेणुका सिंह और श्रीमती लता उसेंडी का प्रश्न है–भाजपा में योग्य कार्यकर्ताओं का सम्मान होता रहा है और उचित समय पर उन्हें जिम्मेदारी भी सौंपी गई है,साथ ही भाजपा में पद माँगने से नहीं,पात्रता से मिलती हैं, यह कांग्रेस की तरह दरबारी संस्कृति नहीं है।

श्री सिंह देव को चिंता करने की ज़रूरत नहीं – उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए।

टीएस सिंहदेव की ऐसी भ्रामक बयानबाजी केवल नकारात्मकता और राजनीतिक हताशा को दर्शाती है।

प्रधानमंत्री आवास के निर्माण स्थल पर महिला से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार,भेजा गया जेल

- संवाददाता -
बलरामपुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर थाना अंतर्गत एक बेहद शर्मनाक घटना सामने आई है,जिसमें एक 33 वर्षीय युवक ने रात्रि के समय शौच के लिए निकली महिला को जबरन प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन मकान में खींचकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने पति के साथ 18 जून 2025 को चौकी वाड्रफनगर पहुंची और वहां उपस्थित अधिकारियों को एक लिखित आवेदन सौंपकर पूरी घटना की जानकारी दी। पीड़िता ने बताया कि 10 जून 2025 की रात लगभग 10 बजे वह अपने घर के बाहर शौच के लिए निकली थी।इसी दौरान राज नारायण पिता रामपति (उम्र 33 वर्ष), निवासी मदनपुर आमापारा, चौकी वाड्रफनगर ने अचानक उसकी कमर पकड़कर खींचा, मुंह दबाया और पास में ही बने प्रधानमंत्री

आवास योजना के निर्माणाधीन मकान में जबरन ले जाकर बलात्कार किया।महिला की शिकायत पर पुलिस ने BNS के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण वाड्रफनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करवाया गया।पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एक विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश शुरू की। कुछ ही घंटों में पुलिस ने राज नारायण को उसके निवास से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद उसका डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद फिर न्यायिक मजिस्ट्रेट पकी अदालत में पेश किया गया,जहां से उसे जेल वारंट कटने पर रामानुजगंज जेल भेज दिया गया।

बिश्रामपुर में हथियार के साथ डीपी लगाने वाला युवक बना चर्चा का कारण

समाज में नाराजगी और प्रशासन से कार्रवाई की मांग

- संवाददाता -
सूरजपुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

सोशल मीडिया अब सिर्फ संवाद का माध्यम नहीं रहा, यह समाज का आईना भी बन गया है। लेकिन जब इस आईने में डर और धमकी की तस्वीरें नजर आने लगें, तो यह सिर्फ चिंता की बात नहीं, खतरे की घंटी बन जाती है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है बिश्रामपुर में,जहां एक युवक ने हथियार के साथ अपनी तस्वीर को व्हाट्सएप और फेसबुक की डिस्प्ले पिक्चर बनाकर पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है।

प्रकाश यादव,पिता सुनील यादव,निवासी माइनस (बिश्रामपुर),इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। चर्चा की वजह कोई उपलब्धि नहीं, बल्कि उसकी वह तस्वीर है जिसमें वह हथियार लेकर खड़ा है एक ऐसा चित्र जो न केवल कानून को खुली चुनौती देता है, बल्कि समाज के भीतर डर का माहौल भी पैदा करता है। तस्वीर वायरल होते ही इलाके में तनाव फैल गया है और लोगों के मन में यह सवाल गूंजने लगा है- क्या अब सोशल मीडिया भी दहशतगर्दी का मंच बनता जा रहा है?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह केवल एक फोटो नहीं, बल्कि समाज को डराने और युवाओं को गलत राह पर ले जाने का इशारा है। कई अभिभावकों ने चिंता जताई है कि इस तरह के खुले प्रदर्शन से बच्चों और किशोरों पर बुरा असर पड़ता है। एक बुजुर्ग नागरिक ने कहा, यह कोई फिल्म नहीं है जहाँ बंदूक स्टाइल हो, यह असल जिंदगी है जहाँ ऐसे हथियार समाज की शांति को तोड़ते हैं।÷

इलाके में गुस्सा साफ दिख रहा है। लोग प्रशासन से यह सवाल कर रहे हैं कि क्या ऐसे युवकों पर अब भी कार्रवाई के लिए इंतजार किया जाएगा, या फिर समय रहते सख्त कदम उठाए जाएंगे? क्योंकि यह कोई पहली बार नहीं जब किसी ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल सनसनी फैलाने के लिए किया हो लेकिन अगर इस बार उदाहरण नहीं बनाया गया, तो अगली बार तस्वीर से आगे कोई हादसा भी हो सकता है।

प्रशासन से अब यह उम्मीद की जा रही है कि प्रकाश यादव की इस हरकत पर त्वरित संज्ञान लिया जाएगा। नागरिकों की मांग है कि न सिर्फ उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो,बल्कि सोशल मीडिया पर ऐसे हथियारबाज़ी वाले पोस्ट्स पर निगरानी भी कड़ी की जाए।

बिश्रामपुर जैसे शांत कस्बे में इस तरह की गतिविधियाँ लोगों के मन में असुरक्षा भर रही हैं। जरूरत है कि प्रशासन सख्ती दिखाए और यह संदेश दे कि सोशल मीडिया हो या सड़कों पर हथियार दिखाकर कानून को चुनौती देने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

कलेक्टर ने किया खाद-बीज केंद्र का औचक निरीक्षण

» किसानों को समय पर खाद-बीज उपलब्ध कराने के निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने आज आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, बतौली (बिलासपुर) स्थित खाद-बीज वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यूरिया, इफको,डीएपी,पोटाश तथा धान बीज की उपलब्धता एवं वितरण स्थिति की जानकारी ली।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से पूछा कि अब तक कितने किसानों को खाद एवं बीज वितरित किए गए हैं, कुल कितने किसान पंजीकृत हैं, और कितने किसानों को अभी खाद-बीज वितरित किया जाना है। उन्होंने निर्देश दिए कि किसानों को खाद-बीज प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं तथा वितरण कार्य समय पर एवं पारदर्शी ढंग से सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने किसानों से भी सीधा संवाद कर यह जाना कि उन्हें खाद-बीज समय पर प्राप्त हो रहा है या नहीं। अधिकांश किसानों ने संतोष व्यक्त करते हुए बताया कि उन्हें खाद-बीज सुगमता से मिल रही है। कलेक्टर ने किसानों से कहा कि यदि किसी प्रकार की कोई समस्या आती है, तो वे तुरंत प्रशासन को सूचित करें ताकि उसका समाधान शीघ्रता से किया जा सके।

इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने बैंकिंग व्यवस्था की भी जानकारी ली और पूछा कि किसानों को समय पर भुगतान मिल रहा है या नहीं। किसानों ने बताया कि बैंक से उन्हें समय पर राशि प्राप्त हो रही है। कलेक्टर ने किसानों के पासबुक का अवलोकन करते हुए उन्हें नियमित रूप से अपडेट करवाने के लिए कहा।

निरीक्षण के दौरान उपसंचालक कृषि श्री पीएस दीवान सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

कोतवाली थाना क्षेत्र की एक युवती का इंस्टाग्राम आईडी हैक करके फोटो को अश्लील बनाकर बॉडी पार्ट्स वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस केस दर्ज करके अग्रिम जांच कार्रवाई में जुट गई है। घरेलू महिला ने पुलिस को बताया है कि अनजान मोबाइल नंबर के धारक के द्वारा उसके इंस्टाग्राम आईडी को 17 जून की रात को हैक करने के बाद इंस्टाग्राम के फोटो के साथ छेड़छाड़ करके अश्लील चित्र बनाया गया और अश्लील चैट करने के साथ ब्लैकमेल करने में लगा है। रिपोर्ट पर पुलिस आरोपी के बारे में तकनीकी जानकारी हासिल करने में लगी है।

कलेक्टर पहुंचे नेत्रहीन विद्यालय कुनकुरी,निर्माणाधीन कार्यों का लिया जायजा,दिया आवश्यक निर्देश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री विलास भोसकर आज बतौली ब्लॉक के कुनकुरी स्थित नेत्रहीन विद्यालय पहुंचे, इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में चल रहे विभिन्न निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने डीएमएफ मद से किए जा रहे भोजन कक्ष के जीर्णोद्धार कार्य तथा अन्य निर्माण गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ली और सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री भोसकर ने नवनिर्मित किचन रूम का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि बच्चों को स्वच्छ,पौष्टिक एवं समय पर भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने डायनिंग रूम के निर्माण की सराहना करते हुए इसे बच्चों के

लिए उपयोगी बताया।

बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में बह रहे नाले की तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए ताकि जलभराव या स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या न उत्पन्न हो। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री भोसकर ने नेत्रहीन बच्चों से आत्मीय संवाद किया और उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाने और सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बतौली जनपद पंचायत के सीईओ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

फर्जी वसीयत प्रकरण में डॉ. वैभव जायसवाल को नहीं मिली अग्रिम जमानत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

प्रथम अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ममता पटेल ने चर्चित संपत्ति विवाद मामले में आरोपी शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव जायसवाल की अग्रिम जमानत याचिका को सख्त टिप्पणी करते हुए खारिज कर दिया है। अदालत ने यह आदेश गंभीर आर्थिक अपराध और साक्ष्य प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए दिया।

मामला थाना कोतवाली अंबिकापुर में दर्ज अपराध क्रमांक 114/2025 से जुड़ा है, जिसमें धारा 420, 467, 468 एवं 120-बी भादवि के तहत डॉ. जायसवाल और उनके पिता सुरेश कुमार जायसवाल को नामजद किया गया है। आपराधिक मामला एक पुराने भूमि विवाद और कथित फर्जी वसीयत से जुड़ा है, जिसमें शिकायतकर्ता गुरूशरण सिंह कक्कड़ ने आरोप लगाया कि उनके दादा द्वारा खरीदी गई जमीन को जालसाजी कर आरोपी ने अपने नाम करा लिया।

प्रार्थी के अनुसार, जमीन पर फर्जी वसीयत के आधार पर पहले आरोपी के पिता के नाम पर और फिर पारिवारिक व्यवस्था पत्र के माध्यम से डॉ. वैभव जायसवाल के नाम पर नामांतरण कराया गया, और उक्त भूमि पर अस्पताल का निर्माण भी

कर लिया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि वसीयत में मृतक को निःसंतान बताया गया, जबकि उसके दो पुत्र थे और असली दस्तावेज पंजाबी भाषा में हस्ताक्षरित थे, जबकि कथित वसीयत में हिंदी हस्ताक्षर हैं। मामले में तत्कालीन तहसीलदार राजेन्द्र गुप्ता की भूमिका भी संदिग्ध है।

राज्य की ओर से अपर लोक अभियोजक विवेक कुमार सिंह और प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता एए रिजवी ने जमानत याचिका का कड़ा विरोध किया। उन्होंने आशंका जताई कि जमानत मिलने पर आरोपी साक्ष्यों से छेड़छाड़ कर सकते हैं और शिकायतकर्ता को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि मामला केवल सिविल प्रकृति का नहीं है और केस डायरी में संलग्न साक्ष्य प्रथम दृष्टया एक सुनियोजित आर्थिक अपराध की ओर संकेत करते हैं। साथ ही यह भी कहा कि वादग्रस्त संपत्ति को लेकर कई पहलुओं पर गंभीर संदेह है और आरोपी की भूमिका को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता।

इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने धारा 438 के तहत दायर अग्रिम जमानत याचिका को निरस्त कर दिया। साथ ही संबंधित थाना को आदेश की प्रतिलिपि भेजने और केस डायरी में संलग्न करने के निर्देश दिए गए।

CMYK

AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 5

जिस बहुप्रतीक्षित मांग को लेकर विधायक और सांसद नहीं कर पाये आवाज बुलंद

उसके लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री से युवा नेता ने की मुलाकात

- कोरिया जिले के बैकुंठपुर क्षेत्र के युवाओं द्वारा जिला मुख्यालय के सड़क चौड़ीकरण की वर्षों से की जा रही मांग
- वोट बैंक की राजनीति कहें,या संबंधों का स्वार्थ, स्थानिय जनप्रतिनिधियों ने अभी तक नहीं की कोई ठोस पहल
- केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष समस्याओं के फोटो वीडियो के साथ दृढ़ता से रखी गई मांग
- विभाजन के बाद जिला वैसे ही हुआ छोटा,चौड़ीकरण ना होने से शहर में जाने से कतराते हैं लोग
- बैकुंठपुर के छोटे से हिस्से को पार करने में, जाम लगने पर लगता है घंटो का समय
- स्थानीय युवा नेतृत्व सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से लगातार उठाते रहे हैं आवाज



-रवि सिंह-
कोरिया,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

कोरिया जिला के जिला मुख्यालय बैकुंठपुर की सडक चौड़ीकरण की मांग पहुंची नई दिल्ली। आप को बता दें भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता राहुल खस जी ने बैकुंठपुर की वर्षों से उठ रही मांग सड़क चौड़ीकरण को लेकर के केंद्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी से मुलाकात की और जिला कोरिया के खरवत (एनएच 43 से भाड़ी चौक तक बैकुंठपुर शहर के मुख्य मार्ग चौड़ीकरण के कार्य की लम्बाई जो 15 किलोमीटर है),यह मार्ग कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर का मुख्य मार्ग है, जो खरवत चौक से कलेक्टर कार्यालय एवं जिला न्यायालय, बैकुंठपुर शहर तथा अन्य कार्यालय,बाजारों को आपस मे जोड़ता है।, पूर्व मे यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 (कटनी गुमला) मार्ग का एक भाग था। दिन के समय यह अत्यंत व्यस्ततम मार्ग है। जिले के ग्रामीण कसबों मे रहने वाले रहवासियो को अपने किसी भी कार्य के

लिए इस मार्ग का उपयोग किया जाता है। वर्तमान में यह मार्ग 7 मीटर चौड़ाई होने के कारण इस मार्ग मे दिन भर जाम की स्थिती बनी रहती है। विशेषकर ओडगी चौक से भाड़ी चौक तक निरंतर जाम लगा रहता है। और दिन प्रतिदिन दुर्घटनायें व मृत्यु होते रहता है। भारी वाहनों ट्रकों,बसों के गुजरने से यहाँ हमेशा जाम लगा रहता है। वर्तमान मे इस मार्ग का चौड़ीकरण किया जाना अत्यंत आवश्यक है। भाजपा युवा नेता राहुल खस ने हमारे अखबार के माध्यम से कहा की बैकुंठपुर की छोटी चीजों से लेकर के बड़ी चीजों की मांग वो रायपुर से लेकर के दिल्ली तक करते हुए और बैकुंठपुर के युवाओं और देवतुल्य जनता की समस्यायों का समाधान करते रहेंगे। राहुल खस जी ने आगे कहा की मैं राजनीति शौक के लिए करता हुं, रोजी रोटी के लिए नहीं। जिस दिन मै अपनी जनता और शहर का विकास नहीं कर पाउँगा, उस दिन मैं राजनीति छोड़ दूंगा। खस जी ने बताया की नितिन गडकरी जी ने आश्वासन दिया है की जल्दी सड़क चौड़ीकरण को पास किया जायेगा । आप को बता दूं की राहुल खस काफ़ी कम उम्र 26 साल के युवा नेता हैं। अभी हाल ही मे इन्होने कोरबा से लोकसभा का टिकिट मांग कर छत्तीसगढ़ मे इतिहास रच दिया था, तथा बड़े नेताओ के नजर में आ गए थे। व कोरबा,बैकुंठपुर,चिरमिरी,कटघोरा,समेत 8 विधानसभा की जनता का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया था। राहुल खस अपने दम पर बैकुंठपुर से रायपुर और रायपुर से लेकर के दिल्ली तक के बड़े केंद्रीय मंत्री से मिलते रहते हैं,व क्षेत्र के विकास के लिए लगातार उनके टच में हैं।, पूर्व केंद्रीय मंत्री व वर्तमान मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह तोमर जी के बेटे श्री प्रबल प्रताप तोमर जी के काफ़ी करीबी माने जाते हैं। तथा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के बहुत बड़े फैन हैं। वे अपना राजनितिक गुरु छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव जी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जी, अजय जामवाल जी,व मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर जी के बेटे श्री प्रबल प्रताप तोमर (रघु) भैया जी को अपना आदर्श मानते हैं।

10 वर्षों से सड़क चौड़ीकरण की मांग

बैकुंठपुर के मुख्य मार्ग की चौड़ाई कम होने और क्षेत्र के आधिकाधिक जनता की प्रतिदिन की आवाजाही तथा भारी वाहनों के शहर में प्रवेश के साथ लगने वाली रोज की जाम की स्थिति को लेकर क्षेत्र के युवाओं ने स्थानीय स्तर पर इस शासनकाल में और इसके पूर्व विगत लगभग 10 वर्षों से सड़क चौड़ीकरण की मांग को प्रमुखता से स्थानीय नेताओं के समक्ष रखा। परंतु कोई ठोस पहल स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा अभी तक नहीं की गई थी। और इसको लेकर क्षेत्र के युवा काफी आक्रोशित हुए थे, जिसकी बानगी समय-समय पर सोशल मीडिया में देखने को मिलती रहती है। क्षेत्र के ही एक युवा नेतृत्व ने स्थानीय स्तर पर बात ना बनती देख केंद्रीय स्तर पर सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की और क्षेत्र की समस्याओं से उनको अवगत कराया। जैसा कि युवा नेता राहुल खस ने बताया की माननीय श्री नितिन गडकरी ने जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया है।

वोट बैंक की राजनीति कहें या संबंधों का स्वार्थ,स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने अभी तक नहीं की कोई ठोस पहल

यह सर्वविदित है कि बैकुंठपुर में मुख्य मार्ग में आए दिन जाम लगता रहता है, और परेशानियों से दो-चार होना पड़ता है। न केवल यह आम जनता की परेशानी है,बल्कि बैकुंठपुर में व्यापारी वर्ग को भी इससे जूझना पड़ता है। स्थिति यह है कि बैकुंठपुर का मुख्य बाजार भी मुख्य मार्ग पर ही है, और दुकानों के सामने यदि ग्राहकों की गाड़ियां खड़ी कर दी जाए तो चलना दुभर हो जाए और यह बहुत आवश्यक है कि छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों की तरह बैकुंठपुर के मुख्य मार्ग का भी चौड़ीकरण हो, ताकि समस्याओं से निजात पाया जा सके। परंतु पिछले 10-15 वर्षों से की जा रही इस मांग के संदर्भ में स्थानीय निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने और कांग्रेस भाजपा दोनों के विधायकों ने अभी तक कोई ठोस पर नहीं की थी। कारण यह माना जाता है कि दोनों ही पार्टी के नेताओं को इस बात की आशंका है कि चौड़ीकरण के कारण मुख्य मार्ग की कई सारी दुकानों को तोड़ना पड़ेगा और उनका वोट बैंक प्रभावित होगा। परंतु समस्याओं का निराकरण के लिए समय-समय पर युवा वर्ग आगे आता रहा है और उम्मीद है कि बहुत जल्द सड़क चौड़ीकरण की सौगात कोरियावासिंयो को मिलेगी।

पीडीएस के अंतर्गत प्रचलित राशनकार्डों में दर्ज सदस्यों में से 717151 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण

-संवाददाता-
सूरजपुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

भारत सरकार, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राज्य में एक राष्ट्र एक राशन कार्ड योजना अंतर्गत सभी हितग्राहियों को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से खाद्यान्न वितरण किया जाना है। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के. अंतर्गत 246392 राशनकार्ड प्रचलित है। इन राशनकार्डो में 800040 सदस्य पंजीकृत है। इन सदस्यों में से 717151 सदस्यों का ई-केवाईसी पूर्ण हो गया है। 82889 सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। भारत सरकार द्वारा 05 वर्ष से कम उम्र के सदस्यों को ई-केवायसी में छूट दिया गया है। सभी उचित मूल्य दुकानों में संचालित ई-पॉस मशीन में ई-केवायसी की सुविधा उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा जारी मेरा ई-केवाईसी एप के माध्यम से भी ई-केवायसी कर सकते है। मेरा ई-केवाईसी एप्प के माध्यम से ई-केवायसी करने हेतु एंड्रायड मोबाईल में गूगल प्ले स्टोर से एप्प डाउनलोड कर हितग्राही राज्य का चयन कर अपना आधार नंबर डालकर,आधार ओटीपी के माध्यम से फेस ई-केवायसी कर सकते है। राशनकार्डों में पंजीकृत सभी जिन्होंने अभी तक ई-केवायसी नहीं कराया है, ऐसे सभी हितग्राही किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने हेतु 30 जून, 2025 तक अपना ई-केवायसी अनिवार्य रूप से पूर्ण करावें।

बच्चे के गले में फसा सिक्का,बच्चे की बिगड़ी तबियत

जिला अस्पताल में सफलतापूर्वक निकाला गया

फोन पर जानकारी मिलने के बाद सीएमएचओ ने तत्काल लिया संज्ञान,सिविल सर्जन आयुष जायसवाल एवं डॉ योगेंद्र चौहान की टीम ने काफी मशक्कत उपरांत सफलतापूर्वक निकाला सिक्का





-राजन पाण्डेय-
कोरिया,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

कहते हैं कि डॉक्टर भगवान का रूप होते हैं और समय समय पर यह बात साबित होती रही है। ऐसी ही एक घटना देखने को मिली जिसमे सिविल सर्जन आयुष जयसवाल और डॉक्टर योगेंद्र चौहान ने एक बच्चे की जान बचा ली प्राप्त जानकारी के अनुसार, वार्ड क्रमांक 13 निवासी राजेश विश्वकर्मा के 7 वर्षीय पुत्र सार्थक ने अनजाने में खेलते समय एक सिक्का निगल लिया, जो उसके गले में जाकर फंस गया। बच्चे की तबीयत बिगड़ने पर नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश ने तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरिया को फोन कर सूचना दी कि बच्चे की हालत बेहद नाजुक है और उसे तुरंत चिकित्सा की आवश्यकता है। सूचना मिलते ही सी एमएचओ कोरिया के निर्देश पर सिविल सर्जन व अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल के मार्गदर्शन में डॉ. योगेंद्र चौहान एवं उनकी चिकित्सा टीम जिला अस्पताल,बैकुंठपुर लेकर आए बच्चे की तत्काल जांच कर उपचार शुरू किया। टीम की त्वरित कार्रवाई और दक्षता से गले में फंसे सिक्के को सफलतापूर्वक निकाल लिया गया। बच्चे की हालत अब स्थिर है। सीएमएचओ की अपील बच्चो को सिक्के या धातु से बनी चीजें न दे- इस घटना के बाद जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने अभिभावकों से अपील की है कि वे छोटे बच्चों को सिक्का,पिन,सुई, कांच,छोटी गिट्टी या किसी भी प्रकार की छोटी वस्तुओं से दूर रखें, क्योंकि ये जानलेवा साबित हो सकती हैं। चिकित्सकों ने सलाह देते हुए कहा है कि छोटे बच्चों की निगरानी हमेशा रखें। ऐसी छोटी वस्तुएं बच्चों की पहुंच से दूर रखें। किसी आकस्मिक स्थिति में बिना देरी चिकित्सकीय सहायता प्राप्त करें।

बालको प्रबंधन के अवैधानिक कार्यों पर रोक लगाए प्रशासनःसांसद ज्योत्सना महंत

आवागमन और जनजीवन को अवरूद्ध होने से बचाने मुख्यमंत्री को पत्र

-संवाददाता-
कोरबा/रायपुर,19 जून 2025
(घटती-घटना)।

लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व जिला प्रशासन को पत्र प्रेषित कर कहा है कि भारत एल्युमिनियम कम्पनी लिमिटेड (वेदांता) बालको के द्वारा सेक्टर 6 मिनीमाता चौक के सामने पूर्व प्रचलित मार्ग को अवरूद्ध करते हुए बड़े झाड़ के जंगल में बाऊंड्रीवाल, ब्लीचिंग प्लांट, उंचे भवन का निर्माण हेतु संबंधित विभागों से अनुमति की प्रक्रिया हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, उक्त निर्माण से सेक्टर-6 के पीछे श्रमिक बाहुल्य बस्ती नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 40-41 पाड़ीमार क्र. 01 के भदरापारा, इंदिरा मार्केट, डुग्गुपारा, उपका मोहल्ला, गणेश नगर में हजारों परिवार का आवागमन अवरूद्ध होने की एवं व्यवसायियों को इसका प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ेगा। उपरोक्त वार्ड के निवासी अपने कार्यों के लिए इस मार्ग का उपयोग कई वर्षो से करते आ रहे हैं। मोहल्ले के सभी वर्ग के बच्चों का स्कूल (प्राइमरी, हाई, हायर सेकण्डरी स्कूल) भी बालको नगर में स्थित है। सांसद ने मुख्यमंत्री सहित उप मुख्यमंत्री अरूण साव, कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, टंकराम वर्मा, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत व पुलिस अधीक्षक, आयुक्त, वनमंडलाधिकारी सहित प्रबंधन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा की गई शिकायतों की प्रति प्रेषित कर कहा है कि वेदांता प्रबंधन द्वारा पूर्व में भी उक्त स्थल पर बाऊंड्रीवाल निर्माण हेतु नगर पालिक निगम कोरबा में अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था, जिसमें उक्त भूमि बालको प्रबंधन की न होने व नजूल भूमि होने से तथा जन आक्रोश एवं भारी विरोध के कारण तत्कालीन जिलाधीश के द्वारा जनहित में बालको प्रबंधन के बेजा बाऊंड्रीवाल निर्माण कार्य को प्रतिबंधित कर खारिज कर दिया गया था। उक्त भूमि बड़े झाड़ के जंगल व नजूल भूमि के अंतर्गत होने और सार्वजनिक सुखाधिकार के कारण बालको प्रबंधन को किसी भी प्रकार के निर्माण की अनुमति देना जनहित में उचित नहीं होगा। सांसद ज्योत्सना महंत ने जिलाधीश कोरबा को प्रेषित पत्र में कहा है कि स्थानीय लोगों के जन आक्रोश एवं भारी विरोध को देखते हुए जनहित में बालको के सभी आवेदनों को निरस्त करने एवं बालको प्रबंधन द्वारा बलात् किये जा रहे निर्माण कार्य पर अविलंब रोक लगाने की नितांत आवश्यकता है।

प्रतापपुर के युवा नेता नवीन जायसवाल को मिला छत्तीसगढ़ कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग में महत्वपूर्ण ज़िम्मा, मनेन्द्रगढ़ और कोरिया जिले का मिला प्रभार

-संवाददाता-
प्रतापपुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर क्षेत्र के युवा नेता नवीन जायसवाल को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पिछड़ा वर्ग विभाग में मनेन्द्रगढ़ और कोरिया जिलों का प्रभार सौंपा गया है। यह नियुक्ति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केशव चन्द्राकर की अनुशंसा पर की गई है। इस अवसर पर नवीन जायसवाल को उनके क्षेत्र और संगठन से जुड़े नेताओं, कार्यकर्ताओं व शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी हैं। क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है और यह नियुक्ति क्षेत्र के लिए गौरव का विषय माना जा रहा है। नवीन जायसवाल ने इस अवसर पर कहा कि वे संगठन के निर्देशों का पालन करते हुए,पिछड़ा वर्ग के हितों की रक्षा एवं संगठन को मजबूत करने के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि सौंपे गए जिलों में संगठन को नई ऊर्जा देने का कार्य करेंगे। यह नियुक्ति एक बार फिर यह दर्शाती है कि कांग्रेस पार्टी योग्य एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाने में विश्वास रखती है।

CMYK

AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 6

आयुक्त और उनके चहेते ठेकेदार की जोड़ी

चिरमिरी नगर निगम में डाल रहे है डाका?

क्या एक चहेते ठेकेदार बना चिरमिरी निगम का अघोषित महापौर?

महापौर और आयुक्त के बीच सामंजस्य ठीक नहीं,महापौर कार्यालय में बैठकर घंटों करते हैं आयुक्त का इंतजारःसूत्र

मेयर के निर्देशों का कर रहे हैं बार-बार अवहेलना,निगम चिरमिरी में कुछ अच्छा नहीं चल रहा...

मंत्री जी जो कहेंगे वह करूंगा ऐसा चल रहा है नगर निगम का कामकाज...

पूर्व विधायक के खास रहे एक ठेकेदार के नाम हो रहा कार्य आवंटित,सत्ता के खासम खास सिपहसालार भी किस सुमित के नाम पर कर रहे भ्रष्टाचार?

कौन है ये सुमित...जिसकी मनमानी से निगम कर्मचारियों में असंतोष,बन रही विद्रोह की स्थिति?

निगम कार्यालय में अब नहीं होते कार्य...सेंट्रल बैंक के पीछे बना नया कार्यालय.. नगर निगम आयुक्त से लेकर कई अधिकारी कर्मचारी करते हैं रातें रंगीनःसूत्र

-रवि सिंह-

चिरिमिरी,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

नगर निगम चिरमिरी में भ्रष्टाचार चरम पर है एक ठेकेदार और आयुक्त की साठगांठ पूरे सिस्टम को अपने काबू में करके नियम विरुद्ध तरीके से शासकीय राशि में डाका डालने का काम बदस्तूर जारी है,आयुक्त मेयर की भी नहीं सुनते,अपने चेंबर में दिनभर सुमित को बैठा कर पता नहीं शहर विकास का कौन सा पैमाना सेट करते हैं की पूरा चिरमिरी शहर आज बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहा है..खबर यह भी है कि कई कार्यों को जब महापौर आयुक्त को निर्देशित करते हैं तो उनके मुंह पर ही उक्त कार्य नहीं कर पाने की असमर्थता व्यक्त करते हैं नियमों का हवाला देकर काम टालने का प्रयास करते हैं, सरकारी नियमों के मुताबिक निगम में अधिकारियों पर अंकुश लगाने के लिए ही महापौर बनाए जाते हैं लेकिन चिरमिरी निगम में महापौर लाचार दिख रहे हैं आखिर आयुक्त को किसका संरक्षण मिल रहा है? यदि आयुक्त मनमानी करेंगे और ठेकेदार के इशारों पर नाचेंगे तो फिर क्या चिरमिरी की जनता के द्वारा चुने गए महापौर को इस्तीफा देना देना चाहिए? सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पंचू साहू नामक एक कर्मचारी जो एक ठेकेदार के किसी कार्य को करने से इनकार कर दिया था यह व्यक्ति उक्त कर्मचारी का ट्रांसफर करवा दिया था,वैसे ही एक और कर्मचारियों का किसने ट्रांसफर करवा दिया इसके इस कृत्य से कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है कर्मचारियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह हमेशा धमकता है कि उक्त काम को कर देना वरना पंचू साहू जैसा हाल करूंगा और अनाब सनाब तरीके से अवैध कार्य करने के लिए मजबूर करता है बहुत ही जल्द कर्मचारियों का एक संगठन मुख्यमंत्री से मिलकर इस पूरे भ्रष्टाचार की शिकायत करने की मंशा रख रहा है।

सेन्ट्रल बैंक के पीछे अघोषित नगर निगम कार्यालय संचालित हो रहा?

सूत्रों का बड़ा दावा है की वार्ड क्रमांक 2 में एक सेन्ट्रल बैंक के पीछे एक भव्य सर्व सुविधा युक्त नया अघोषित नगर निगम कार्यालय बनाया गया है जो पूरी रात संचालित किया जाता है जिसमें शाम होते ही जाम की सहित अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लेश भवन में निगम के अधिकारी और करम चारियों का आवागमन शुरू हो जाता है ठेकेदार और उसके सहयोगी आव भगत की मुद्रा में तैनात रहते है वही फर्जी ईस्टीमेट, बिल बाउचर बनाए जाते है, नूपुर पायलों से निकलने वाली झंकार जाम पीने के बाद हुंकार रंगीन शाम के आगे नतमस्तक होकर अधिकारी कर्मचारी वही मदमस्त होकर नाचते हैं फिर इस मदमा सेंट माहौल का फायदा उठाकर ठेकेदार फर्जी एस्टीमेट और बिलों में साइन करवाता है उस भव्य सर्व सुविधा युक्त घोषित नगर निगम कार्यालय में एक प्लानिंग के तहत कार्य किया जाता है जिस दिन अधिकारी आते हैं उसे दिन कर्मचारियों को नहीं बुलाया जाता और जिस दिन दोनों आते हैं उसे दिन जन्मतिथियों को नहीं बुलाया जाता है क्रम में नंबर सबका आता है वार्ड क्रमांक 1 का एक चना चोर नेता इन दोनों इसकी गोद में समा गया है, वार्ड क्रमांक 1 में नियमों के विपरीत जाकर 50 लाख की सड़क में यह पार्टनर बताया जाता है यही वजह है कि रिज़र्व फॉरेस्ट एरिया में सड़क बनाया गया और विनय से लिए है आधी अधूरी सड़क बनी थी उसका भुगतान निगम द्वारा कर दिया गया है।

सर्व सुविधा युक्त नया कार्यलय जो पहुंचा वो ब्लैकमेल होना तय?

खबर यह भी मिल रही है कि कई अधिकारियों के उस भव्य सर्व सुविधा युक्त नया कार्यलय में आओ भगत और सेवा सत्कार के लिए ठेकेदार अपने उक्त बंगले में रंगरेलियां के वीडियो भी बना लेता है कई इंजीनियर इसके गिरफ्त में है पूर्व सदस्य एक इंजीनियर जो इसके खिलाफ थाने में रिपोर्ट भी कराया कि मुझे नशे में रखकर किसने मेरा अश्लील वीडियो शूट कर मुझे अब फर्जी बिल और एस्टीमेट बनाने के लिए दबाव डाल रहा है इस पर खुल्लम-खुल्ला आरोप लगाया था क्योंकि अधिकारी अंबिकापुर कथा और एक अच्छे रिपोर्टेड घर से संबंधित था ऊपर से बड़े दबाव के बाद यह चरित्रहीन ठेकेदार उक्त मामले को दबा दिया, लेकिन पता यह भी चला है कि यहां की कुछ फायदे अभी भी टेस्ट रिपोर्ट के नाम पर अंबिकापुर जाती है जिसे या उसे अधिकारी से दबाव दिलाकर अपने गलत कार्य को करवाता है।

शातिर ठेकेदार कल तक कांग्रेस पार्टी का कम खास था आज भाजपा की सरकार आते ही...

वैसे शातिर ठेकेदार की आदत है की जो सत्ता में होता है वह उसका होजाता है पूर्व मंडल अध्यक्ष महोदय महापौर सीट के प्रबल दावेदार एवं एक डोमन हिल के शर्मा जी जो इन दोनों को शातिर ठेकेदार गोद में लिए फिरते हैं वे लोग चाह कर भी इसे इसके स्थापित साम्राज्य से हटा नहीं पाए और खुद इसके आगे नतमस्तक होकर इसी के इशारों पर काम करने लगे हैं आखिर इससे पता चलता है कि शातिर ठेकेदार की जड़ निगम में कितनी मजबूत हो चली है बड़े-बड़े लोग भी इसका बाल बांका नहीं कर पा रहे हैं सत्ता का शातिर ठेकेदार कल तक कांग्रेस पार्टी का कम खास था आज भाजपा की सरकार आते ही कि जब जनप्रतिनिधि के आगे पूर्व लग जाता है तो उनका फोन भी रिसीव नहीं करता और उनके खिलाफ अनाप-शनाप बाजार में बातें करके उन्हें बदनाम भी करता है यदि पूर्व जनप्रतिनिधियों के बारे में उसे अभी चर्चा की जाती है तो सबसे बड़ा आदमी उसी को और ऐसा करके सत्ता पक्ष लोगों को मोह लेता है इसके उदाहरण कई देखने को मिलेंगे।

जिला जेल बैकुंठपुर का हुआ उच्च स्तरीय निरीक्षण,जिला एवम सत्र न्यायाधीश सहित जिलाधीश पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण।

-संवाददाता-

बैकुंठपुर,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

जिला जेल बैकुंठपुर का उच्च स्तरीय निरीक्षण दिनांक 19 जून 2025 को किया गया,प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश, जिलाधीश कोरिया पुलिस अधीक्षक कोरिया ने गुरुवार सुबह जेल का निरीक्षण किया।

यह जेल निरीक्षण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार द्वारा माननीय उच्चतम न्यायालय के रिट पिटिशन सुकन्या संस्था विरुद्ध यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में पारित निर्णय के परिपालन में प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश मोहम्मद रिजवान खान, कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी,पुलिस अधीक्षक श्री रवि कुमार कुर्रे,मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी दीक्षित सचिव डीएलएसए श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा,विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्यों के द्वारा जिला जिले बैकुंठपुर का निरीक्षण किया गया और यह जानकारी ली गई कि जिला जेल बैकुंठपुर में जातिगत भेदभाव या अन्य भेद भाव पूर्ण प्रथाएं अभी भी तो जेलों के अंदर नहीं हो रही हैं, निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला एवम सत्र न्यायाधीश, जिलाधीश कोरिया ,पुलिस अधीक्षक कोरिया के द्वारा बंदियों को जेल में निरुद्ध रहने के दौरान मिलने वाले अधिकारों एवम मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली गई।यह भी सुनिश्चित किया गया कि सभी कैदियों को समय समय पर विधिक सेवाएं उपलब्ध कराए जाएं जिससे उनके साथ कोई भेदभाव न हो, निरीक्षण के दौरान जिला जेल से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर, बंदियों के बैरक,बंदियों के लिए जेल में बने शौचालयों की स्थिति और साफ सफाई की भी समीक्षा की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश,जिलाधीश कोरिया ने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की भी जांच की, बंदियों से मिलकर उनकी समस्याओं से भी अवगत हुए साथ ही जेल में स्थापित लीगल एड क्लिनिक में उपलब्ध सुविधा एवं लीगल एड क्लिनिक के माध्यम से बंदियों को दी जाने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया, निरीक्षण में विजिटर बोर्ड के सदस्य, मुख्य चिकित्सा एवम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रशांत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, जिला रोजगार अधिकारी उमेश पटेल (डिप्टी कलेक्टर) एवं महाप्रबंधक जिला उद्योग एवम व्यापार केंद्र बैकुंठपुर एम बड़ा, विजिटिंग लायर अजय कुमार सिंह, उपस्थित रहे,एवं जेल अधिकार मित्र अजय राजवाड़े उपस्थित रहे।

टॉस्क फोर्स टीम ने रेत के अवैध परिवहन में संलग्न 14 वाहनों को किया जप्त

-संवाददाता-

कोरबा,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

राज्य शासन के मंशानुरूप जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भंडारण व विक्रय पर रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देशन में खनिजों के अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु गठित टास्क फोर्स टीम द्वारा चिन्हांकित संवेदनशील क्षेत्रो, रेत घाटों पर निगरानी रखते हुए नियमित क्षेत्र भ्रमण कर तस्करों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रेत के अवैध परिवहन की जांच के दौरान ग्राम बरमपुर सर्वमंगला क्षेत्र में 1 टिप्पर, कोरबा,कुसमुंडा,पाली क्षेत्र में 1-1 ट्रेक्टर, उरगा क्षेत्र में 2 ट्रेक्टर,2 टिप्पर,कटघोरा क्षेत्र में 03 ट्रेक्टर, जिल्गा(करतला) क्षेत्र में 3 ट्रेक्टर सहित कुल 14 वाहन रेत के अवैध परिवहन में संलग्न पाया गया। जिसे खनिज अधिनियम के तहत जप्त कर समीपस्थ थाना परिसर एवं खनिज जांच चौकी में आगामी आदेश पर्यन्त तक खड़ी कर खनिज नियमो के तहत आगे की कार्रवाही सुनिश्चित की जाएगी।

यातायात पुलिस द्वारा बिना नंबर की गाड़ियों पर की गई कार्यवाही

-संवाददाता-

कोरबा,19 जून 2025 (घटती-घटना)।

कोरबा जिले में ट्रैफिक पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत पिछले दो दिन में और 193 गाड़ियों पर मोटरयान अधिनियम की धारा 55/177 के तहत चालानी कार्रवाई की गई। अब तक इस अभियान के तहत कुल 256 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए ?76,800/- का समन शुल्क वसूला गया है। इस अभियान के दौरान वाहनों के इंजन नंबर,चेचिस नंबर तथा वैध दस्तावेजों की जांच के उपरांत ही चालानी कार्रवाई की गई। बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों का अपराधिक गतिविधियों (जैसे चोरी, लूट आदि) में उपयोग होने की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

कोरबा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है की बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाना न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि ऐसे वाहन अपराधियों को छुपने और अपराध को अंजाम देने में मदद करते हैं, जिससे शहर की कानून व्यवस्था प्रभावित होती है। कोरबा पुलिस नागरिकों से आग्रह करती है कि अपने वाहनों पर वैध नंबर प्लेट अनिवार्य रूप से लगवाएं साथ ही यातायात नियमों का पालन कर स्वयं सुरक्षित रहें व दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त–अम्बिकापुर

प्रथम निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्रं:–133

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल, वृत्त – अम्बिकापुर अंतर्गत अटल विहार योजना सरगंवा अम्बिकापुर अंतर्गत 03 एच.आई.जी. ईस्ट फेसिंग, 03 एच.आई.जी. वेस्ट फेसिंग एवं 07 सीनि.एम.आई.जी. भवनों (कुल 13 भवन) का शेष निर्माण कार्य हेतु निविदा दिनांक 09.07.2025 तक एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग – अम्बिकापुर के मो.नं. 9424209101 पर संपर्क करें।

उपायुक्त

जी नंबर-44257/2

नयायालय तहसीलदार लखनपुर जिला सरगुजा छत्तीसगढ

ईश्तहार

लखनपुर दिनाक 5 06 2025

प्रति,
समस्त ग्रामवासी
ग्राम-रजपुरीकसा
तहसील -लखनपुर

एतद् दुारा आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदन ।आवेदिका मोहन राम आ स्व भगोली निवासी ग्राम रजपुरी कला तहसील लखनपुर के द्धारा अपने सास को हो जाने से जन्म -मृत्यु दिनांक 03/05/2025 रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 की धारा 13 एव छ0ग0 जन्म - मृत्यु रिज0 नियम 2001 के नियम 9 3 के तहत मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया हैं जिस पर दिनांक 30-06 2025 को सुनवाई की जानी जानी हैं

आवेदन आवेदिका के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह स्वंय अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से पेशी तिथी 30 06 2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार

सील

नायब तहसीलदार
तहसीलदार लखनपुर छ0ग0

FORMAT OF TENDER NOTICE FOR PUBLICATION ON NEWS PAPERS

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH,WATER RESOURCES DEPARTMENT

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER,WATER RESOURCES DIVISION No.1 AMBIKAPUR

e-Procurement Tender Notice

Main Portal : http://cgeprocurment.gov.in
WRD Portal : http:wrd.cgeprocurment.gov.in

[FIRST - CALL]
Corrigendum

No. 0 /SAC/2025-26 Date: 16-06-2025

The following portial modification are made. In the Tender invited vide N.I.T. No. 01/SAC/ of LABH TANK & COSTRUCTION of C.C. CHANNEL. WHOSE "G" No. 252601454 Date- 09-06-2025.

S.No.	Amendments
1	In the G-Schedule Item No.- 2 may be read as Qty 18571.00 cum & Rate 224.14 per Cum instead of Qty 34194.87 cum Rate 121,73
2	In the G-Schedule Item No.3- may be read as Qty 162.00 cum & Rate 4292.14 per Cum instead of Qty 885.39 cum Rate 785.34

Note :- all othems and conditions will be remain and unchanged.

executive Engineer
Water Resources Division No.1
Ambikapur
For- Chief Engineer
Hasdeo Ganga Basin. W.R.
Deptt. Ambikapur (C.G.)
AMBIKAPUR.Dated...16.06.2025

जी नंबर-252601621/3

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग

बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर

नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता हैं कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रनगर में रखी इमारती लकडी/जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई-ऑक्शन द्वारा निवर्तन किया जाना है इच्छुक व्यापारी ई-ऑक्सन में अवश्य भाग लेवें ई-ऑक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालय दिवस व समय पर वनमडल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं

डिपो का नाम -काष्ठगाार वाड्रफनगर
नीलामी दिनांक 25-06-2025
समय-प्रातः 09:00 बजे से

क्र0	वनोपज का विवरण	नया काष्ठ		पुराना काष्ठ	
		लट्ठा	बल्ली/डेंगरी	लट्ठा(घ0मी0)	बल्ली/डेंगरी
		घ0मी0	नग	नग	
1	2	3	4	5	
A	इमारती काष्ठ				
1	सागौन	-	-	245.089	1439
2	साल	414.219	-	1070.642	269
3	साजा	11.914	-	-	12
4	तिन्सा	-	-	-	-
5	बीजा,शीशम,खम्हार	0.203	-	10.613	755
6	हल्दु,मुडी,बांसा	-	-	22.765	2
7	धावड़ा	-	-	-	-
8	अन्य,नीलगिरी	92.494	307	-	263
9	सलया	-	-	-	-
10	सेमल	-	-	-	-
11	खेर काष्ठ	10.078	-	-	-
	योग:-	528.908	307	1349.109	2740
क्र	प्रजाति विवरण				
1	जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी0 x1.25x0.80 मी0	0 चट्टा		765.5 चट्टा	

टीप :-1. क्रेता को ई-ऑक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कोमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-ऑक्सन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है । सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई0एम0डी0 की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लॉट की थप्पी एवं फोटो एम0एस0टी0सी0 ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई0डी0 से लॉग इन करके देख सकते हैं।

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर वनमण्डल, बलरामपुर

जी नंबर-252601593/3

C M Y K

AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 7

संक्षिप्त खेल की खबरें

सिल्वा मैनचेस्टर सिटी के नए कप्तान नियुक्त

मैनचेस्टर,19 जून 2025। पेप गार्डियोला ने क्लब में पुर्तगाली मिडफील्डर के अंतिम सत्र से पहले बर्नार्डो सिल्वा को मैनचेस्टर सिटी का नया कप्तान नियुक्त किया है। 2017 में एएस मोनाको से सिटी में शामिल हुए सिल्वा गार्डियोला युग में सबसे सुसंगत और रचनात्मक ताकतों में से एक बन गए हैं। 2026 तक चलने वाले अपने अनुबंध के साथ, 29 वर्षीय ने संकेत दिया है कि यह मैनचेस्टर में उनका अंतिम अध्याय हो सकता है, जिसमें उनके बचपन के क्लब बेनफिका में संभावित वापसी शामिल है।

तमिलनाडु करेगा एचआईएफपुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप 2025 की मेजबानी

तमिलनाडु,19 जून 2025। वैश्विक जूनियर हॉकी का केंद्र बनने के लिए तैयार है क्योंकि इसे 28 नवंबर से 10 दिसंबर, 2025 तक निर्धारित एफआईएच पुरुष जूनियर हॉकी विश्व कप का मेजबान नामित किया गया है गुरुवार को एक आधिकारिक समारोह में, हॉकी इंडिया (एचआई) और तमिलनाडु सरकार ने चेन्नई और मदुरै शहरों में प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की सह-मेजबानी करने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। 2025 का संस्करण टूर्नामेंट के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जिसमें पहली बार 24 टीमें शामिल होंगी।

एफआईएच प्रो लीग में भारतीय महिला टीम ने अर्जेंटीना से 2-2 से खेला ड्रॉ,लेकिन शूटआउट में हारी

लंदन,19 जून 2025। भारतीय महिला हॉकी टीम को बुधवार को इंग्लैंड के लंदन में ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में चल रहे एफआईएच प्रो लीग के सीजन में फुल टाइम तक 2-2 से बराबरी करने के बाद शूटआउट में अर्जेंटीना से 2-0 से हार का सामना करना पड़ा।

भारत बनाम इंग्लैंड पहला टेस्ट मुकाबला आज

लंदन,19 जून 2025। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी, जिसका पहला मुकाबला 20 जून को लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन के संन्यास के बाद युवा कंधों पर भारतीय टीम को जीत दिलाने की जिम्मेदारी होगी। हेडिंग्ले में टीम इंडिया का रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है और वह अभी तक यहां पर सिर्फ दो ही टेस्ट मैच जीत पाई है।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला 20 जून से शुरू होने जा रहा है। दोनों टीमों इसके लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने तो अपनी प्लेइंग इलेवन का भी ऐलान कर दिया है। इस बीच आपके मन में ये सवाल जरूर होगा कि भारत में मैच कितने बजे शुरू होगा और ये कितने बजे तक चलेगा। साथ ही बीच में जो ब्रेक होंगे, उसमें कितना समय लगेगा। तो चलिए आपको इस बारे में पूरी जानकारी देते हैं।

तीन बजे टॉस और साढ़े तीन बजे से शुरू हो जाएगा मुकाबला

भारत बनाम इंग्लैंड पहला टेस्ट मैच भारतीय समय अनुसार दोपहर बाद साढ़े तीन बजे से शुरू होगा। इससे आधे घंटे पहले यानी तीन बजे टॉस होगा। हालांकि टॉस तो पहले ही दिन होगा। इसके बाद चार दिन तक सीधे साढ़े तीन बजे मैच शुरू हो जाएगा। अब ये भी जान लीजिए कि पहला सेशन कितने बजे तक चलेगा। साढ़े तीन बजे से शुरू होकर पहला सेशन साढ़े पांच बजे तक चलेगा, जो कि दो घंटे का होगा। इसके बाद लंच ब्रेक हो जाएगा।

इसके बाद शाम को छह बजकर दस मिनट से फिर से मैच शुरू हो जाएगा। जो रात करीब आठ बजकर दस मिनट तक चलेगा। आठ बजकर दस मिनट से लेकर आठ बजकर 30 मिनट तक ब्रेक होगा, ये टीब्रेक है। इसके बाद साढ़े आठ बजे से आखिरी सेशन शुरू होगा, जो रात करीब साढ़े 10 बजे तक चलेगा। हालांकि इस दौरान ये जरूर ध्यान रखा जाएगा कि बारिश के कारण अगर मैच में बाधा नहीं पड़ी है तो पूरे 90 ओवर का खेल हो जाए।

मौसम भी डाल सकता है थोड़ा बहुत खलल...

इंग्लैंड में मैच कहीं भी हो,लेकिन मौसम को ऐसा ही रहता है। कब बारिश आ जाए और कब चली जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता। हालांकि अगर अभी पहले ही मैच की बात की जाए तो उसमें ज्यादा बारिश के कारण खलल पड़ने की आशंका तो नहीं हैं, लेकिन मौसम कब बदल जाए, कहना मुश्किल है। फिर भी माना जा सकता है कि थोड़ी बहुत देर भले ही मैच रुके, नहीं मुकाबले पर इसका बहुत ज्यादा असर तो नहीं पड़ेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि पूरी सीरीज के दौरान यानी पांच मैचों तक सब कुछ ठीक रहे और रोमांचक मुकाबले देखने का मौका मिले।

खतरनाक बल्लेबाज पथुम निसंका ने लगाया शतक

करियर में हासिल की बड़ी उपलब्धि,पहली बार किया ऐसा

ढाका,19 जून 2025। श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच पहला टेस्ट मुकाबला गॉल क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। मैच में बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हसन शान्तों ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। इसके बाद बांग्लादेश के बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन किया और 495 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। फिर जब श्रीलंका की बारी आई, तो पथुम निसंका ने अपने जौहर दिखाए और शतक जड़ दिया।

निसंका ने टेस्ट करियर में पूरे किए 1000 रन

इसके बाद श्रीलंका के लिए पथुम निसंका ने दमदार शतक लगाया। उन्होंने पारी की शुरुआत से ही बेहतरीन बैटिंग का नमूना पेश किया।

उन्होंने 136 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। वह 115 रन बनाकर अभी भी क्रीज पर मौजूद हैं। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और एक छक्का लगाया है। शतक जड़ते ही उन्होंने अपने टेस्ट करियर में 1000 रन भी पूरे कर लिए हैं।

श्रीलंकाई धरती पर लगाया पहला टेस्ट शतक

पथुम निसंका ने अपने टेस्ट करियर का तीसरा शतक लगाया है और खास बात ये है कि उन्होंने तीनों शतक अलग-अलग बैटिंग पोजीशन पर खेलते हुए लगाए हैं। वहीं श्रीलंकाई धरती पर उनका ये पहला टेस्ट शतक है। इससे पहले वह श्रीलंकाई धरती पर टेस्ट शतक नहीं लगा पाए थे।

श्रीलंका के लिए खेल चुके तीनों फॉर्मेट

पथुम निसंका ने श्रीलंका के लिए साल 2021 में टेस्ट में डेब्यू किया था। इसके बाद से उन्होंने 17 टेस्ट मैचों में कुल 1046 रन बनाए हैं, जिसमें उनके बल्ले से तीन शतक और 7 अर्धशतक निकले हैं। लंकाई टीम के लिए वह वनडे में 2508 रन और टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में 1734 रन बना चुके हैं।

बांग्लादेश के लिए दो बल्लेबाजों ने लगाए थे शतक

इससे पहले बांग्लादेश के लिए कप्तान नजमुल हसन शान्तो, मुश्फिकुर रहीम और लिटन दास ने शानदार बल्लेबाजी की थी। शान्तो (148 रन) और मुश्फिकुर (163 रन) ने शतक लगाए थे। लिटन दास ने 90 रनों की पारी खेली थी। इन प्लेयर्स की वजह से ही बांग्लादेश की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल हो पाई। टीम ने 495 रनों का स्कोर बनाया था।

ग्रैंड स्लैम फाइनल में कार्लोस अल्कराज को अब तक नहीं मिली हार

नईदिल्ली,19 जून 2025। स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज ग्रैंड स्लैम में लगातार शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने फ्रेंच ओपन का खिताब अपने नाम किया है। फाइनल में उन्होंने जेनिक सिनर को कड़े मुकाबले में हराया था।अल्कराज ने 4-6, 6-7, 6-4, 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की थी। अल्कराज अब ओपन एरा में सबसे ज्यादा मेंस सिंगल्स ग्रैंड स्लैम फाइनल खेलने वाले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने एक भी फाइनल नहीं हारा है। उनका रिकॉर्ड 5-0 का है। फ्रेंच ओपन 2025 जीतकर अल्कराज ओपन एरा में ऐसे दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं, जिन्होंने अपने करियर के पहले पांचों ग्रैंड स्लैम फाइनल जीते हैं। उन्होंने रोजर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की, जिन्होंने अपने शुरुआती 7 ग्रैंड स्लैम फाइनल जीते थे। अल्कराज ने यूएस ओपन टेनिस 2022, विंबलडन 2023-2024 और फ्रेंच ओपन 2024-2025 के खिताब अपने नाम किए हैं। उनका ग्रैंड स्लैम रिकॉर्ड अब 71 जीत और 12 हार का हो गया है। 21 साल और 70 दिन की उम्र में अल्कराज ओपन एरा में सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी बने थे, जिन्होंने एक ही सत्र (2024) में फ्रेंच ओपन और विंबलडन जीते। इसे चैनल स्लैम कहा जाता है। वह इस साल यह उपलब्धि दोहरा सकते हैं।

किशोर वासु सहगल ने दूसरे राउंड में बिना किसी गलती के 67 का स्कोर बनाया और बढ़त हासिल की

लुधियाना,19 जून 2025। चंडीगढ़ के किशोर वासु सहगल ने लुधियाना में खेले जा रहे पीजीटीआई नेक्सजेन इंपीरियल गोल्फ एस्टेट में दूसरे राउंड में बिना किसी गलती के पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया और दो स्थान ऊपर उठकर आठ अंडर 100 के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर पहुंच गए। 19 वर्षीय सहगल ने तीन शॉट की शानदार बढ़त हासिल की। नोएडा के लक्ष्य नागर ने भी बोगी-फ्री 67 का स्कोर बनाया जिससे वह 13 स्थान ऊपर उठकर पांच अंडर 103 के कुल स्कोर के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गए। करनाल के तुषार पन्नू, जो ओवरनाइट लीडर थे, ने 72 का स्कोर बनाया और वह भी दूसरे स्थान पर रहे। गुरुग्राम के दिगराज सिंह गिल (67) और मनीष ठाकरान (68) की जोड़ी, करनाल के रोहित नरवाल (71) के साथ, चार अंडर 104 के स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रही। इंपीरियल गोल्फ एस्टेट एक पार-72 नौ-होल कोर्स है, जहाँ एक राउंड बनाने के लिए नौ होल दो बार खेले जाते हैं। कट को दो ओवर 110 पर घोषित किया गया। चालीस पेशेवर

खिलाड़ी तीसरे और अंतिम दौर में पहुँचे। वासु सहगल (33-67), जो रात भर तीसरे स्थान पर थे और लीड से दो शॉट पीछे थे, ने पहले तीन होल पर दो बर्डी के साथ अच्छी शुरुआत की। इसके बाद वासु ने 10वें से 12वें होल तक लगातार तीन बर्डी जमा की और दिन का शानदार पाँच अंडर स्कोर किया। 2023 में पेशेवर बनने से पहले जूनियर स्तर पर कई खिताब जीतने वाले सहगल ने बुधवार को बॉल-स्ट्राइकिंग और वेज-प्ले का शानदार प्रदर्शन किया, क्योंकि उन्होंने खुद को तीन टैप-इन बर्डी दीं और बर्डी के लिए कुछ बेहतरीन अप और डाउन भी किए। वासु ने कहा, मैंने आज अपने एप्रोच को बहुत अच्छे से मारा और कई मौकों पर इसे झंडे के करीब उतारा। हालांकि,आज मैं पुटर के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाया और कुछ पुट चूक गया। इस साल मैंने कुछ स्विंग और क्लब परिवर्तन किए हैं। मुझे लगता है कि अब मैं अपने खेल को ठीक कर रहा हूं। पहली बार इंपीरियल ग्रेट एस्टेट में एक पेशेवर कार्यक्रम खेलना मजेदार रहा। पेशेवर खिलाड़ी इस कोर्स के लेआउट और स्थितियों का आनंद ले रहे हैं। मेरे लिए अंतिम दौर में महत्वपूर्ण यह होगा कि मैं जितना संभव हो सके उतने फेयरवे और ग्रीन्स पर हिट करूं।

शाहीन, रिजवान ड्राफ्ट में पाकिस्तानी और इंग्लिश सितारों का दबदबा

मेलबर्न,19 जून 2025। पाकिस्तान के सुपरस्टार शाहीन शाह अफरीदी को गुरुवार को मेलबर्न में आयोजित बिग बैश लीग (बीबीएल) के सीजन 15 के लिए ब्रिसबेन हीट ने पहले ओवरऑल पिक के तौर पर चुना है। इस इवेंट में आठ फ्रैंचाइजी ने कुल 24 खिलाड़ियों को चुना, जिनमें 7 पाकिस्तानी, 12 इंग्लिश, 4 कीवी और एक बांग्लादेशी क्रिकेटर शामिल हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की प्रेस रिलीज के मुताबिक, शाहीन हीट में तेज

गति और बाएं हाथ की स्विंग लाने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ियों के एक मजबूत समूह की अगुआई कर रहे हैं। पाकिस्तान के इस तेज गेंदबाज ने 222 टी20 मैचों में 20.99 की औसत से 310 विकेट लिए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 6/19 रहा है, जिसमें पांच बार पांच विकेट शामिल हैं। प्लेटिनम श्रेणी में, पाकिस्तान के व्हाइट-बॉल सितारे-मोहम्मद रिजवान, हारिस रऊफ और बाबर आजम (पूर्व-हस्ताक्षरित)-को भी सफलतापूर्वक ड्राफ्ट किया गया मेलबर्न रेनेगेड्स ने विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को चुना मेलबर्न स्टार्स ने एक्सप्रेस पेसर हारिस रऊफ को हासिल किया सिडनी सिक्सर्स ने ड्राफ्ट से पहले बाबर आजम को प्री-साइन किया था गोल्ड श्रेणी में,तीन और पाकिस्तानी खिलाड़ियों को ड्राफ्ट किया गया हसन अली को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने चुना शादाब खान सिडनी थंडर में शामिल हुए युवा बाएं हाथ के स्पिनर हसन खान, जो पाकिस्तान के पूर्व अंडर-19 स्टार हैं, को मेलबर्न रेनेगेड्स ने चुना पाकिस्तान के प्रतिनिधित्व के अलावा, बांग्लादेशी स्पिनर रिशाद हुसैन को होबार्ट हरिकेंस ने साइन किया।

काइल मेयर्स पर भारी पड़ी मोनांक पटेल की पारी

एमआई न्यूयॉर्क ने खोला जीत का खाता

नईदिल्ली,19 जून 2025। एमआई न्यूयॉर्क ने मेजर लीग क्रिकेट 2025 (एमएलसी) के नौवें मैच में सिएटल ऑर्कस के खिलाफ सात विकेट से दमदार जीत दर्ज की। इस सीजन ये एमआई की पहली जीत रही, जिसके साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर पहुंच चुकी है। दूसरी ओर, सिएटल ऑर्कस को लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा है। यह टीम फिलहाल पांचवें पायदान पर है। मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी सिएटल ऑर्कस ने 20 ओवरों में पांच विकेट गंवाकर 200 रन बनाए। टीम 30 के स्कोर तक अपने दो बड़े विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन इसके बाद शायन जहांगीर ने काइल मेयर्स के साथ मिलकर टीम को संभाल लिया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 77 रन की साझेदारी हुई। जहांगीर 34 गेंदों में 43 रन बनाकर आउट हुए, जिसमें तीन छक्के और इतने ही चौके शामिल थे। काइल मेयर्स ने चौथे विकेट के लिए कप्तान हेनिक क्लासेन के साथ 72 रन जोड़े।

मेयर्स ने 46 गेंदों की तूफानी पारी में 88 रन बनाए, जिसमें 10 छक्के और तीन चौके शामिल रहे। इनके अलावा क्लासेन ने 27 और शिमरोन हेटमायर ने 21 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की ओर से नवीन-उल-हक ने दो विकेट चटकाए, जबकि माइकल ब्रेसवेल, ट्रेंट बोल्ट और सनी पटेल ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। विशाल टारगेट का पीछा करने उतरी एमआई न्यूयॉर्क ने 25 के स्कोर पर क्विंटन डी कॉक (14) के रूप में बड़ा विकेट गंवा दिया। इसके बाद सलामी बल्लेबाज मोनांक पटेल ने दूसरे विकेट के लिए ब्रेसवेल के साथ मिलकर 119 रन की साझेदारी करते हुए टीम को जीत की पटरी पर ला दिया। गुजरात में जन्मे मोनांक पटेल ने 50 गेंदों में 93 रन जड़ दिए। इस पारी में सात छक्के और आठ चौके भी शामिल रहे। उनके आउट होने के बाद कप्तान निकोलस पूरन मैदान पर उतरे, लेकिन सात रन से ज्यादा नहीं बना सके। एमआई न्यूयॉर्क 152 के स्कोर तक तीन विकेट गंवा चुकी थी। उसके पास यहां से महज 22 गेंदें शेष थीं। ऐसे में ब्रेसवेल ने किरोन पोलार्ड के साथ तेजतर्रार बल्लेबाजी करते हुए टीम को एक ओवर शेष रहते जीत दिला दी। ब्रेसवेल ने 35 गेंदों में नाबाद 50 रन बनाए, जबकि पोलार्ड ने 10 गेंदों में नाबाद 26 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम के लिए सिकंदर रजा ने दो, जबकि काइल मेयर्स ने एक शिकार किया।

कार्तिक आर्यन से मोड़ा मुंह क्यों?

कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे बीते कुछ दिनों से अपनी अपकमिंग फिल्म तू मेरी मैं तेरी मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग कर रहे हैं। बीते रोज कार्तिक ने भी अनन्या के साथ डांस करते हुए एक क्यूट वीडियो शेयर किया था। लेकिन अब सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। जिसमें अनन्या पांडे और कार्तिक एक ही फ्रेम में नजर आ रहे हैं। फोटो वायरल होने पर फैन्स ने अंदाजा लगाया कि अनन्या पांडे सेट पर कार्तिक को इग्नोर करते हुए आगे बढ़ रही हैं। हालांकि ये तस्वीर किसी वीडियो से ली गई है और फिल्म के सेट की है। अनन्या और कार्तिक बीते कुछ दिनों से यूरोप के देश क्रोएशिया में अपनी फिल्म के कुछ सीन्स फिल्मा रहे हैं। इसी सेट की ये तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।



रणबीर-दीपिका से कर रहे लुक की तुलना

बता दें कि अनन्या पांडे की इस वायरल तस्वीर को देख फैन्स को रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की तमाशा फिल्म की याद आ गई। रणबीर और दीपिका दोनों ही अपनी फिल्म तमाशा शूट कर रहे थे और तभी दोनों का ब्रेकअप हुआ था। जिसके बाद दोनों की फिल्म के सेट से तस्वीरें वायरल हुई थीं। अब इसी तरह कार्तिक और अनन्या की भी कुछ तस्वीरें वायरल हो रही हैं।

साथ काम कर चुके कार्तिक और अनन्या

बता दें कि कार्तिक आर्यन और अनन्या पांडे पहले भी एक साथ फिल्म %पति पत्नि और वो% में साथ काम कर चुके हैं। दोनों की इस फिल्म में कैमिस्ट्री काफी जमी थी और लोगों को पसंद भी आई थी। बॉलीवुड का ऑनस्क्रीन ये कपल जल्द ही अपनी नई फिल्म के साथ पर्दे पर हाजिर होने वाला है। ये फिल्म अगले साल 14 फरवरी को रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म को समीर विद्वंस ने डायरेक्ट किया है और इसकी कहानी करण श्रीकांत शर्मा ने लिखी है। अब देखना होगा कि बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का कितना जादू चल पाता है। कार्तिक और अनन्या की जोड़ी स्क्रीन पर देखने के लिए फैन्स भी काफी उत्साहित हैं। साथ ही इन वायरल तस्वीरों को देख फैन्स की जिज्ञासा और भी बढ़ रही है।

सरदार जी 3 का टीजर रिलीज, दिलजीत दोसांझ बने घोस्ट हंटर

दिलजीत दोसांझ इंडियन म्यूजिक की दुनिया में बड़ा नाम बन चुके हैं,साथ ही बतौर एक्टर भी वह अब तक कई फिल्में कर चुके हैं। हिंदी और पंजाबी फिल्मों में अलग तरह के किरदार निभा चुके हैं। हाल ही में उनकी एक पंजाबी फिल्म सरदार जी 3' का टीजर रिलीज हुआ। टीजर देखकर दिलजीत के फैंस हंस-हंसकर लोट-पोट सकते हैं। साथ ही फिल्म में थ्रिलर, हॉरर की भी भरपूर डोज फैंस के लिए है। टीजर की शुरुआत में यूके का एक भूतिया प्लेस दिखाया जाता है। इस प्लेस में दिलजीत दोसांझ के किरदार की एंट्री होती है। भूत के कारण थ्रिलर का माहौल बनता है। आगे सीन्स में दिलजीत के किरदार को कई सुंदर भूतनियों के साथ दिखाया जाता है, जो उसके साथ ही रहती है। फिल्म में दिलजीत का किरदार एक घोस्ट हंटर का है, जो खूब मजाकिया भी है। टीजर देखकर लगता है कि दिलजीत की यह फिल्म दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेगी। पंजाबी फिल्म सरदार जी 3' का निर्देशन अमर हुंदल कर रहे हैं। फिल्म में दिलजीत दोसांझ के साथ नीरू बाजवा और मानव विज भी अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह फिल्म 27 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दिलजीत दोसांझ सिर्फ पंजाबी फिल्म ही नहीं कर रहे हैं। वह बॉलीवुड फिल्म बॉर्डर 2' में भी नजर आएंगे। इस फिल्म में सनी देओल, अहान शेट्टी, वरुण धवन जैसे कलाकार भी अभिनय कर रहे हैं। दिलजीत फिल्म में निर्मल जीत सिंह सेखों का किरदार निभा रहे हैं, जो इंडियन एयरफोर्स के अधिकारी थे और 1971 के युद्ध में अपने शौर्य के लिए याद किए जाते हैं। इसके अलावा खबर है कि दिलजीत दोसांझ अमेरिकन सिंगर शकीरा के साथ भी एक प्रोजेक्ट करने वाले हैं।

क्या ममूटी की तबीयत खराब है? जॉन ब्रिटस ने एक्टर की सेहत पर बड़ा अपडेट दिया

मलयाली सुपरस्टार ममूटी उस समय सुर्खियों में आ गए जब उनके कैंसर से पीडित होने की खबरें आने लगीं। अभिनेता की टीम ने दावों के खिलाफ प्रतिक्रिया दी। अब,राज्यसभा सांसद और अभिनेता के करीबी दोस्त जॉन ब्रिटास ने उनके स्वास्थ्य पर एक अपडेट साझा किया है। हाल ही में समाचार चैनल रिपोर्टर टीवी के साथ बातचीत में,राजनेता ने खुलासा किया कि ममूटी को एक मामूली स्वास्थ्य समस्या है और उसका इलाज चल रहा है। ब्रिटास ने कहा,ममूटी को एक मामूली स्वास्थ्य समस्या है और वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है। वह ठीक हैं, और मैंने अभी उनसे फोन पर बात की है। भले ही हम काफी लंबे समय से दोस्त हैं, लेकिन हम कभी भी ऐसे लोग नहीं थे जो अपनी निजी जिंदगी के बारे में ज्यादा बात करते हों। हालाँकि, हाल के दिनों में,हम इस तरह की जानकारियाँ भी साझा कर रहे हैं,उन्होंने कहा। (मलयालम से अनुवादित) शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, ममूटी को कैंसर से पीड़ित होने की खबर मिली थी।

जब ये दावे ऑनलाइन फैल रहे थे,तब अभिनेता की टीम ने इन रिपोर्टों का खंडन करते हुए एक बयान जारी किया। टीम ने कहा,यह फर्जी खबर है। वह छुट्टी पर हैं क्योंकि वह रमज़ान के लिए उपवास कर रहे हैं। वह इस वजह से अपने शूटिंग शेड्यूल से भी ब्रेक पर हैं। दरअसल, ब्रेक के बाद, वह मोहनलाल के साथ महेश नारायणन की फिल्म की शूटिंग पर वापस लौट जाएंगे। ममूटी के वर्कफ्रंट की बात करें तो मेगास्टार को आखिरी बार फिल्म बाजूका में मुख्य भूमिका में देखा गया था। मलयालम भाषा की इस एक्शन थ्रिलर को दीनो डेनिस ने अपने निर्देशन में लिखा और निर्देशित किया था। फिल्म में एक व्यवसायी और गेमर की कहानी दिखाई गई है जो एक पुलिस अधिकारी के साथ मिलकर एक सीरियल अपराधी की तलाश में शामिल होता है। ममूटी के अलावा, फिल्म में गौतम वासुदेव मेनन,दिव्या पिल्लई, सिद्धार्थ भारतन,ईश्वर्या मेनन और कई अन्य कलाकार मुख्य भूमिकाओं में थे।

C M Y K

AMBIKAPUR GG PAPER 20 JUNE 2025_Layout 2 6/20/2025 12:15 AM Page 8

अगले महीने से भूमि खरीदनेवालों को बड़ा झटका

छत्तीसगढ़ में 1 जुलाई से बढ़ेंगी जमीन की सरकारी गाइडलाइन दरें

राजस्व में होगी वृद्धि

रायपुर,19 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में जमीन की खरीद-बिक्री करने वालों के लिए बड़ी खबर है। राज्य सरकार 1 जुलाई 2025 से जमीन की नई सरकारी गाइडलाइन दरें लागू करने जा रही है। पंजीयन विभाग ने प्रदेश के सभी 33 जिलों में मौजूदा जमीन की बाजार दरों का क्षेत्रवार सर्वे पूरा कर लिया है। इस सर्वे के आधार पर जिलेवार और क्षेत्रवार मूल्य विश्लेषण कर नई दरें तय की जा रही हैं।
सूत्रों के अनुसार, नई गाइडलाइन दरों के लागू होने से पूरे राज्य में जमीन की कीमतों में औसतन 10-15त्न और रायपुर के 50 किलोमीटर के दायरे में 20-25 तक की वृद्धि होने की संभावना है। यह बदलाव आठ साल बाद हो रहा है,क्योंकि पिछली बार 2017 में गाइडलाइन दरें निर्धारित की गई थीं। नई दरों से सरकार को पंजीयन से मिलने वाले राजस्व में उल्लेखनीय वृद्धि की उम्मीद है।

मसूरी से प्रशिक्षण प्राप्त 13 आईएएस अधिकारियों ने अपना अपना पदभार ग्रहण किया

रायपुर,19 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ शासन के जिन राजपत्रित 13 अधिकारियों को आईएएस अवार्ड कर दिया गया है वे अखिल भारतीय आईएएस अकेडमी मसूरी से प्रशिक्षण प्राप्त कर लौट आए है इसके पश्चात अपना अपना पदभार ग्रहण कर रहे हैं।



छत्तीसगढ़ में भव्य आयोजन,रायपुर में राज्यपाल डेका

रायपुर,19 जून 2025(ए)। 21 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने जिलेवार कार्यक्रमों के लिए मुख्य अतिथियों की सूची जारी कर दी है। रायपुर में होने वाले मुख्य आयोजन में राज्यपाल रमेन डेका बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे, जबकि जशपुर के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुंगेली जिले के योग दिवस कार्यक्रम में और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा कवर्धा जिले के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे। प्रत्येक जिले में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए विशेष सत्र,योग प्रदर्शन और जागरूकता अभियान आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय नागरिकों,स्कूली बच्चों, और सामाजिक संगठनों की व्यापक भागीदारी की उम्मीद है।

छत्तीसगढ़ में खुलेगी नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी

अमित शाह करेंगे भूमिपूजन इस साल से शुरू होंगी कक्षाएं...

रायपुर,19 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ को जल्द ही एक बड़ी शैक्षणिक सौगात मिलने जा रही है। नवा रायपुर में नेशनल फॉरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी (NSFU) की स्थापना की जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 22 और 23 जून को अपने दो दिवसीय छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान यूनिवर्सिटी कैंपस का भूमिपूजन करेंगे। इस परियोजना से जुड़ी जानकारी देते हुए प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि नवा रायपुर में विश्वविद्यालय के लिए 40 एकड़ भूमि आवंटित कर दी गई है। इस आधुनिक विश्वविद्यालय के निर्माण पर लगभग ₹350 करोड़ की लागत आएगी।विशेष बात यह है कि भवन निर्माण कार्य के पूरा होने का इंतज़ार किए बिना, इसी शैक्षणिक सत्र (2025-26) से यूनिवर्सिटी में पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। इसके लिए एक ट्रांजिट कैंपस तैयार किया गया है, जिसका भी शुभारंभ अमित शाह अपने दौरे के दौरान करेंगे।
छत्तीसगढ़ में इस यूनिवर्सिटी की स्थापना से राज्य में फॉरेंसिक साइंस, अपराध अनुसंधान और न्यायिक विज्ञान की पढ़ाई और शोध के लिए नई संभावनाएँ खुलेंगी। यह संस्थान प्रदेश के छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करेगा और देश में कानून व्यवस्था से जुड़े अनुसंधान को भी नई दिशा देगा। इसके अतिरिक्त गृह मंत्री अमित शाह अपने दौरे में प्रशासनिक बैठकों की भी अध्यक्षता करेंगे, जिनके स्थान का निर्धारण जल्द किया जाएगा।इसके साथ ही,गृह मंत्री बस्तर के दौरे के दौरान जवानों से मुलाकात करेंगे और नक्सली हमले में शहीद हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपंजे के परिजनों से भेंट करेंगे।

सहायक शिक्षक विज्ञान पद पर समायोजन के लिए काउंसलिंग शुरू

रायपुर,19 जून 2025(ए)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा बीएड सहायक शिक्षकों का सहायक शिक्षक (प्रयोगशाला) के पद पर समायोजन के निर्णय के बाद सहायक शिक्षकों की काउंसलिंग 17 जून से शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 26 जून तक चलेगी।छत्तीसगढ़ में 2023 में सीधी भर्ती के माध्यम से चयनित एवं बीएड अहर्ता के कारण सेवा से हटाए गए सहायक शिक्षकों का यह काउंसलिंग रायपुर के शासकीय शिक्षा महाविद्यालय शंकर नगर में चल रही है। काउंसलिंग प्रतिदिन सवेरे 10:00 बजे से प्रारंभ होगी।

प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

अब कोर्ट रूम में नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, आदेश जारी

बिलासपुर,19 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला लिया है। कोर्ट रूम में अब मोबाइल व इलेक्ट्रानिक डिवाइस लेकर जाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल मनीष कुमार ठाकुर ने आदेश जारी किया है। निर्देश की अनदेखी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

होटल पेट्रेशियन में पुलिस ने की छापेमारी

लड़कों ने होटल में बुलाया था बंगाल की क्लब डांसरों को, बिलासपुर पुलिस की रेड

बिलासपुर,19 जून 2025(ए)। बिलासपुर-रायपुर रोड स्थित होटल पेट्रेशियन होटल में बुधवार की रात पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान कोलकाता की दो लड़कियां मिलीं। वहीं, चार युवक शराब और हुक्का पीते पकड़े गए। हालांकि, पुलिस ने पूछताछ के बाद उन्हें छोड़ दिया है। वहीं, होटल प्रबंधन पर कोटापा अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया गया है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

महिला पार्षद का बेटा रेप केस में गिरफ्तार,पीड़िता हॉस्पिटल में भर्ती

रायगढ़,19 जून 2025(ए)। जिले में महिला पार्षद के बेटे ने 7 साल की बच्ची से रेप किया है। पड़ोस में रहने वाली बच्ची को आरोपी बहला-फुसलाकर सुनसान मकान पर ले गया, वहां उससे रेप की वारदात को अंजाम दिया। मामला खरसिया चौकी क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक खरसिया नगर पालिका की महिला पार्षद के आरोपी बेटे का नाम तेंदुलकर सहिस (24) है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। बच्ची की हालत फिलहाल ठीक है।

कवासी लखमा से मिलने सेंट्रल जेल पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश बघेल

बोले...व्यक्तिगत दुश्मनी के तौर पर व्यवहार कर रही सरकार...

रायपुर,19 जून 2025(ए)। चर्चित शराब घोटाला मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी मामले में 15 जनवरी से पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा जेल में बंद है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज यानी 19 जनवरी को रायपुर के सेंट्रल जेल पहुंचे, जहां कवासी लखमा और विजय भाटिया से मुलाकात की। दोनों के अस्वस्थ होने पर बघेल ने चिंता जताई। बता दें कि इससे करीब 5 महीन पहले भी जेल में भूपेश बघेल कवासी लखमा से मिलने गए थे। लखमा से मिलने के बाद पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कोर्ट के आदेश के बाद भी स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराने आरोप लगाया। उन्होंने कहा, समय बदलते देर नहीं लगता। साथ ही यह भी कहा कि सरकार व्यक्तिगत दुश्मनी के तौर पर व्यवहार कर रही। जेल में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं कराना अमानवीय और निंदनीय है। बता दें कि ईडी ने कुल मिलाकर शराब घोटाले में कुल 6 करोड़ 15 लाख 75000 की संपत्ति को अटैच किया गया है। हाल ही में ईडी ने शराब घोटाले मामले में जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा की संपत्ति को अटैच किया है। साथ ही उनके बेटे हरीश लखमा की संपत्ति भी अटैच की है। ईडी ने जिन संपत्तियों को अटैच किया है उनमें सुकमा में बना कांग्रेस का राजीव भवन भी शामिल है। लखमा फैमिली की साढ़े 5 करोड़ की संपत्ति और सुकमा कांग्रेस दफ्तर की 68 लाख की संपत्ति को ईडी ने अटैच किया है। कवासी लखमा को ईडी ने शराब घोटाले में कमीशन लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. इससे पहले कवासी लखमा और उनके बेटे से ईडी ने लंबी पूछताछ की थी। ईडी ने सारी जानकारी हासिल करने के बाद घोटाले में अवैध रुप से की गई कमाई और उससे खरीदी गई संपत्तियों को जब्त किया है। ईडी की जांच में कवासी लखमा पर 72 करोड़ रुपए का कमीशन लेने का भी आरोप लगा है।

वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की जांच कर सकती है सीबीआई

रायपुर,19 जून 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में वक्फ बोर्ड की करीब 500 करोड़ रुपए की संपत्तियों पर अतिक्रमण और फर्जी रजिस्ट्री के मामले की सीबीआई जांच कराई जाएगी। वहीं वक्फ बोर्ड की संपत्तियों पर किए गए अतिक्रमण पर बुलडोजर कार्रवाई भी की जाएगी। इसके लिए वक्फ बोर्ड जल्द सरकार को प्रस्ताव भेजेगा। ये बातें छग वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने कही है। दिल्ली से केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू से मुलाकात कर रायपुर लौटे वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सलीम राज ने कहा,केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के सभी दस्तावेज मांगे हैं। सीबीआई जांच पर भी चर्चा हुई है. जल्द ही हम राज्य सरकार को सीबीआई जांच की अनुशंसा के लिए प्रस्ताव भेजेंगे। सलीम राज ने बताया जल्द ही केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू छत्तीसगढ़ आएंगे। नए वक्फ बिल और छत्तीसगढ़ राज्य में वक्फ संपत्ति के बारे केंद्रीय मंत्री से चर्चा हुई है। छत्तीसगढ़ में वक्फ संपत्तियों से अतिक्रमण हटाने को लेकर की जा रही कार्रवाई के बारे में जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के कार्यों की सराहना की है।

टीटीई को मिला मशीन,ट्रेन में फर्जी आधार कार्ड दिखाने वाले पकड़े जाएंगे

बिलासपुर,19 जून 2025(ए)। अब ट्रेन में सफर के दौरान अगर कोई फर्जी आधार कार्ड दिखाएगा, तो वो आसानी से नहीं बच पाएगा। रेलवे ने तय किया है कि चलती ट्रेन में टीटी (ट्रैवलिंग टिकट एग्जामिनर) अब आधार कार्ड की जांच भी कर सकेगा। रेलवे की ओर से टीटीई को 'एम-आधार' मोबाइल ऐप का एक्सेस दिया जा रहा है, जिससे वे यात्री का आधार कार्ड स्कैन कर उसकी असली पहचान की जांच कर सकेंगे। यह ऐप यूआई-डीएआई द्वारा बनाया गया है, जो बिना इंटरनेट के भी काम करता है। इस ऐप से आधार कार्ड के क्यूआर कोड को स्कैन करते ही यात्री का नाम, फोटो,जन्मतिथि और पता मोबाइल स्क्रीन पर दिख जाएगा। इससे टीटी तुरंत पहचान सकता है कि आधार असली है या नहीं। अगर शक हुआ तो फर्जीवाड़ा करने वाले यात्री को तुरंत जीआरपी के हवाले किया जाएगा और उस पर कार्रवाई होगी।



युवक को पति मानकर बनाए गए संबंध दुष्कर्म नहीं

बिलासपुर,19 जून 2025(ए)। एक महत्वपूर्ण निर्णय में हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई महिला बालिग है और उसने लंबे समय तक युवक को पति मानकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए हैं, तो इसे दुष्कर्म नहीं माना जा सकता। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने रायगढ़ फास्ट ट्रैक कोर्ट के दोषसिद्धि आदेश को रद्द करते हुए यह फैसला सुनाया।

पुलिसकर्मी की बेटी और दामाद ईरान में फंसे,मदद की गुहार

रायपुर,19 जून 2025(ए)। ईरान और इजरायल के बीच जारी जंग के बीच हजारों भारतीय इन दोनों ही देशों में मौजूद है। इनमें मजदूर से लेकर कारोबारी और स्टूडेंट्स भी शामिल है। भारत की सरकार इन दोनों ही देशों में फंसे नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रयासरत है। भारत सरकार ने इनकी वापसी के लिए विशेष अभियान 'ऑपरेशन सिंधु' लांच किया है। जानकारी मिली है कि छत्तीसगढ़ का एक परिवार भी युद्धग्रस्त देश ईरान में फंसा हुआ है। जानकारी के मुताबिक़ रायपुर सेन्ट्रल जेल में पदस्थ जेलकर्मी की बेटी और दामाद बच्चों के साथ इस वक्त ईरान के कुम्म शहर में मौजूद है।
चिंता की बात यह है कि इस परिवार से सम्पर्क टूट गया है। बताया जा रहा है कि, दामाद एजाज जैदी और बेटी एमन जैदी पढ़ाई के सिलिसले में ईरान गए हुए है। दामाद एजाज जैदी मध्यप्रदेश के दमोह जिले से है। इनसे परिवार का आखिरी सम्पर्क बुधवार की दोपहर हो पाया था जिसके बाद से सम्पर्क पूरी तरह टूट गया है। चिंतित परिजनों ने राज्य और केंद्र की सरकार से बेटी-दामाद के परिवार की सकुशल वापसी की गुहार लगाई है।



कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया गिरफ्तार, शराब घोटाले में एसीबी की कार्रवाई

रायपुर,19 जून 2025(ए)। झारखंड एसीबी ने छत्तीसगढ़ के शराब कारोबार से जुड़े कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुख्ता सूचना के मुताबिक, झारखंड एसीबी की टीम ने सिद्धार्थ सिंघानिया को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार किया है। जिसके बाद ट्रांजिट रिमांड लेकर उसे रांची की कोर्ट के पेशी के लिए लाए जाने की तैयारी की जा रही है। सिद्धार्थ के खिलाफ पिछले दिनों गिरफ्तारी वारंट हासिल किया था। इससे पहले एसीबी ने निलंबित अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी और नेक्सजेन के मालिक विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट वारंट लिया था।

सराफा व्यापारी से अश्लील वीडियो बनाकर 2 करोड़ की वसूली,पति-पत्नी गिरफ्तार,1.65 करोड़ की संपत्ति जब्त



दुर्ग,19 जून 2025(ए)। जिले में एक चौंकाने वाला ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है, जिसमें एक सराफा व्यापारी को अश्लील वीडियो के जरिए ब्लैकमेल कर 2 करोड़ रुपये की उगाही की गई। वैशाली नगर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी दंपति नीलिमा यादव उर्फ नीलम लहरे और उनके पति आनंद यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 1.65 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है, जिसमें नकदी, सोने-चांदी के गहने, बंगला, कार और अन्य सामान शामिल हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)